# माली सैनी सन्देश

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 8 अंक : 88 12 अक्टूबर, 2012 मूल्य : 150/- वार्षिक





आनन्द में ईठलाती
वैभव छलकाती,
उल्हास में अठखेलती,
मिठास घोलती जीवन में
दीपो की जगमग माला ...
जगमग माला – जगमग माला ...
आओं ! हम भी इसका एक दीप बनें ...
जो इठलायें, जो वैभव छलकायें, जो अठखेले,
और जो घोले मिठास जीवन में
मिठास जीवन में...



# भगवानसिंहजी परिहार के जन्मोत्सव पर आयोजित रक्तदान शिविर की झलकियां



















NO.RAJHIN12897/20/1/2004-TC

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 8 • अंक : 88 •12 अक्टूबर, 2012 • मूल्य : 150/- वार्षिक

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
( पूर्व पार्षद )

**प्रेस फोटोग्राफर**
**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**
**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**
**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

आवरण कथा

### समाजसेवी श्री भगवानसिंह परिहार के जन्मदिवस पर 101 युवक–युवतियों ने उत्साह से किया रक्तदान




सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना भी समाजसेवा
चाचा के निधन पर सीएम ने दी मुखाग्नि
पत्रकार सच्चाई के साथ अपनी बात लिखें - श्री अशोक गहलोत
समाज के विकास के लिये युवाओं को आगे आना चाहिए - श्री राजेन्द्र गहलोत
जैसलमेर मे माली सैनी समाज का सम्मेलन संपन्न
डॉ. पृथ्वी सांखला जिला कलेक्टर बीकानेर का माली समाज द्वारा किया अभिनन्दन
सांवर परिहार फलैगशिप योजनाओं के क्रियान्वन के लिए जिला संयोजक नियुक्त
युवा क्रान्ति से ही होगा समाज में नवीन विचारधारा का सूत्रपातः मांगीलाल पंवार
जिन्दल सॉ कम्पनी को जमीन देने का विरोध किया मााली महासभा ने
माली ( सैनी ) युवा संगठन ने बैंगलोर में मनाया गणेशोत्सव
श्री भगवानसिंह परिहार न हि मानुषात श्रेष्ठतम् किंचित ।
गंगापुर सिटी मे माली समाज की 150 प्रतिभाएं सम्मानित
12 प्रतिशत समाज एक जुट होकर सत्ता का सूत्रधार बनें
शादीशुदा पुत्री की कर दी दूसरी शादी
मेरे बेटे को बचालो ! पिता अमरचंद माँ सन्तोष सैनी की करूण पुकार !
मिशन कम्प्यूटर परीक्षा में सैनी समाज के छात्रो का दब - दबा
भोपाल में स्व. रामजी महाजन की 13वीं पुण्यतिथि मनायी गयी
परोपकार से बढ़कर कोई कार्य नहीं
शिक्षादान की अभिनव योजना
प्रतिभाओं को किया सम्मान, शिक्षा पर दिया जोर
जयदेव कच्छावा तीसरी बार अध्यक्ष नियुक्त
नगर निगम के मेले में घाटा बता लाखों का किया गड़बड़जाला
विविध

## सम्पादक की कलम से ...



# जीवन जीने की कला

यह एक सच्चाई हैं कि जीवन कभी भी एक रफ्तार से नहीं चलता हैं। उसमें उतार–चढ़ाव आते ही रहते हैं जो हमें जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं, तो अपने अनुभवों के आधार पर दूसरों को प्रेरित करने की सीख भी देते हैं। जीवन में कितने ही उतार–चढ़ाव आते हैं, कभी खुशी–कभी गम, इनका तो हमेशा से साथ रहा है, लेकिन अपना धैर्य व विवेक का साथ न छोड़े तो कितना ही मुश्किल वक्त क्यो न आ जाये हम उससे निजाप पा ही जायेगें। बस जीवन जीने की कला आनी चाहिये, हम हर हालात में सम रहें। सुख और दुख दोनों मन के समीकरण हैं। कर्म अच्छे होने चाहिये, उसमे छल–कपट, राग–द्वेष कदापि न हो।

अपना अन्तःकरण सबसे बड़ी अदालत हैं। अन्तःकरण के दर्पण से कुछ भी छिपाना संभव नहीं हैं। अन्तःकरण परम् निकट हैं, निकट ही नहीं विकट भी हैं क्योंकि उसमें सब कुछ झलक जाता हैं। अगर शुद्ध मन को साक्षी मानकर हम हर कार्य करें ता पाप कर्म में कभी भी लिप्त नहीं होगें। जितने भी दूनियां में धर्म हैं, उनके जो धार्मिक ग्रंि हैं, धार्मिक अनुष्ठान है, उन सबके पीछे मन–शुद्धि का ही पावन लक्ष्य हैं। शुद्ध मन जीवन के लिए वरदान हैं। परमात्मा का आशीष केवल उन्हें ही मिलता हैं जो कलाओं से उपर उठ चुके होते हैं, आत्म अन्वेषण में लग चुके होते हैं।

बच्चों में शुरू से ही अच्छे संस्कार डालें ताकि आगे चलकर वह एक अच्छा इंसान बने। वह स्वयं के लिए भी और दूसरों के लिए भी हित कर होगा। कुसंस्कारी बच्चों के कारण लोगों को अपना बुढ़ापा रो–रोकर काटना पड़ता हे। बुढ़ारा सुखमय बनाने के लिए शुरू से ही बच्चों को संस्कारी बनना चाहिये। नई पीढ़ी को धार्मिक संस्कार नहीं मिले तो वृद्धावस्था में रोना निश्चित हैं।

आजकल संयुक्त परिवार बहुत कम देखने को मिलते हैं। कोई व्यापार के लिए बाहर चला गया तो कोई नौकरी के कारण चला गया। वैसे अलग–अलग रहना इतना महत्वपूर्ण नहीं ळे। महत्वपूर्ण यह है कि उनमें आपस में एक–दूसरे का सुख–दुख अपना समझे।

मनुष्य को चाहिये कि वह इच्छाओं को नियंत्रित करते हुए जन–जन के कल्याण व प्राणी मात्र हेतु संकल्पित हो। स्वार्थवृति को छोड़कर ओरों के लिए जीना–मरना सीखें, यही मानव धर्म है। मानवता की कसौटी है। इसमें खुशियां अपार हैं। यदि हम किसी को जरासी भी खुशी देते हैं तो वो दुगुनी होकर हमें मिलती हैं।

अक्सर लोग सवानिवृत होते ही कहने लगते हैं कि अब हमारे पास कोई काम नहीं। हम पेंशन के सहारे अपना जीवन बितायेगें। मेरा मानना हैं कि लोग यहीं पर गलती करते हैं, जिससे उनके अनुभवों से लोग वंचित रह जाते है। ऐसे लोगों को समझना चाहिये कि जीवन जीना और भोगना इन दोनों में बहुत बड़ा अन्तर है। जीवन जीन के लिए हमें उस पुष्प की तरह बनना होगा जो स्वयं महकता है औरों को भी खुशबू देता हं। दीपक के समान समाज में, देश में उल्लास व आनन्द प्रकाश फैला सकेगें, तब समझो हमने जीवन जीया हैं।

चाहे हम कितने ही कष्टों से घिरे हो, अपने सतकर्मों की सुवास बनाये रखेंगे तो समझो हमने जीवन जीया हैं। हम अपने अंतस मन में काम, क्रोध, लोिा, मोह और अहंकार जैसे विकारों को निकाल देगें तो अन्तःकरण शंख सरीका होकर कल्याणकारी ध्वनि निकालेगा, इसीलिये अनुभवी लोगों को चाहिये कि वे समाज को दिशा देने के लिए आगे



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

# समाजसेवी श्री भगवानसिंह परिहार के जन्मदिवस पर 101 युवक–युवतियों ने उत्साह से किया रक्तदान




जोधपुर। शहर के वरिष्ठ नागरिक, उद्योगपति व समाज सेवी श्री भगवान सिंह जी परिहार (संरक्षक लवकुश बाल विकास केन्द्र व आस्था–वरिष्ठ नागरिक सदन) जिन्होने अपना जीवन अनाथ व परित्यक्त शिशुओं व वृद्ध कल्याण को समर्पित किया है, के 84 वें जन्म दिवस के उपलक्ष में सत्पथ सोसायटी द्वारा आस्था वरिष्ठ नागरिक सदन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें सभी वर्गो के लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर उनके दीर्घजीवन की कामना की।

संस्था के सचिव राजेश गहलोत ने बताया कि श्री भगवान सिंह परिहार ने अपना संपूर्ण जीवनन ऐसे बालक बालिकाओं के कल्याण हेतु जिनको उनके माता पिता ने ही त्याग दिया है तथा जिनका दुनिया में कोई नहीं है। ऐसे बच्चों को पालपोष कर उनका जीवन को सफल बनानें का कार्य श्री भगवान सिंह परिहार की संस्था द्वारा किया जा रहा है यहीं नहीं आपने वृद्धजनों के लिए भी वरिष्ठ नागरिक सदन की स्थापना की जिसमें वर्तमान युग में बुर्जग माता पिता जिन्हें अपने ही परिवार में तिरस्कृत किया जाता है उनको एक सम्मान का जीवन आप प्रदान कर रहे है। आज उनके 84वें जन्म दिवस पर मानो सारा शहर उमड़ पड़ा। उनके सम्मान हेतु शहर के प्रथम नागरिक मेयर श्री रामेश्वर दाधिच, समासेविका डॉ. अनुराधा आडवाणी(अनुबंध), विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. भंवरसिंह राजपुरोहित, पूर्व मेयर डॉ. ओमकुमारी गहलोत, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंद माथुर, मथुरादास माथुर अस्पताल के डॉ. दिलीप कच्छवाहा, उम्मेद अस्पताल के प्रभारी डॉ. नरेन्द्र छंगाणी, डॉ पी. सी. व्यास अधीक्षक, गांधी अस्पताल, डॉ दिनेशपाल, डॉ. विजय बालानी के साथ ही इंन्डस्ट्रीज के उद्योगपतियों, समाजसेवियों एवं समाज के सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिकों ने श्री भगवान सिंह परिहार के दीर्घजीवन की शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की।

आज प्रात: से ही सभी वर्गो के लोगों ने आस्था में पहुंच कर श्री भगवानसिंह परिहार के जन्मदिवस पर उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की, एम. आई. ए. के अध्यक्ष श्री प्रदीप डाकलिया, पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील परिहार, जिला देहात कांग्रेस अध्यक्ष श्री हीराराम मेघवाल, जिला प्रमुख श्रीमती दुर्गा बलाई, जिला देहात कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री ऊंकारराम कच्छवाहा, सुमेर स्कूल शिक्षण संस्थान के मैनेजन श्री किशोर सिंह परिहार, माली सैनी संदेश संपादक मनीष गहलोत भारत सेवा संस्थान प्रभारी नरपत सिंह कच्छवाहा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती मनीषा पंवार एवं नगर निगम के पार्षदगण, विभिन्न समाजों के जनप्रतिनिधी ने पंहुच कर उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की। जन्मदिवस समारोह में जनकल्याण हेतु माली छात्र संघ क्षेत्र मथानिंया, सैनी इंजिनियरिंग ग्रुप, जनसहयोग मंच, जोधपुर के युवक युवतियों ने छात्रनेता सांवर परिहार के नेतृत्व में 101 यूनिट रक्तदान किया जिसमें 21 युवतियों ने रक्तदान के इस पुनित कार्य में अपना योगदान प्रदान किया। इस अवसर पर माली सैनी संदेश द्वारा सभी रक्तदाताओं का श्री भगवान सिंह परिहार के करकमलों से मोमेण्टों प्रदान कर सम्मानित किया गया।

रक्तदान शिविर का सफल संचालन महात्मा गांधी अस्पताल के ब्लड यूनिट प्रभारी डॉ. महेन्द्र सांखला एवं उनकी मेडिकल टीम ने किया। अतं में लवकुश संस्था के श्री राजेन्द्र परिहार ने सभी रक्तदाताओं का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए उनके सफल जीवन की मंगलकामना की। समारोह में पधारें सभी आंगतुकों ने श्री भगवान सिंह परिहार से आशीर्वाद प्राप्त कर उनके जीवन से सीख लेने का निश्चय किया तथा मानवता के लिए उनके द्वारा किये गये कार्यो से प्रेरणा लेने का वादा किया।

# सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना भी समाजसेवा



जोधपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना भी समाज सेवा का हिस्सा है। ऐसा करने वाला वर्ग पिछड़े तबके का मददगार है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बने माली संस्थान के प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। गहलोत ने कह कि दलितों, वंचितों, अल्पसंख्यकों, विकलांगों एवं समाज के कमजोर वर्गो एवं बीपीएल चलाई गई सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए इन योजनाओं का प्रचार प्रसार करना भी समाज सेवा ही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रारंभ की गई जननी सुरक्षा योजना का लाभ अब तक लगभग छह लाख महिलाओं को मिल चुका हे। मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना आरंभ करने के बाद प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में आने वाले बहिरोगियों की संख्या में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रदेश के 38 लाख लोगों को 2 रूपये किलो की दर से 25 किलो गेहूं प्रतिमाह उपलब्ध कराया जा रहा हैं ऐसा करने वाला राजस्थान, उत्तर भारत का पहला प्रदेश है। सरकार प्रदेश के 10 लाख लोगों को मुख्यमंत्री बीपीएल आवास योजना में मकान उपलब्ध करवा रही है। अब तक प्रदेश में पौने दो लाख मकान बन चुके है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने स्वयं बहुत से गांवों में जाकर इन मकानों को देखा है। सरकार ने मूक पशुओं के लिए नि:शुल्क दवा योजना आरंभ की है।

## तारीफ की केन्द्र सरकार की

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने युवाओं के लिए भी अनेक योजनाएं आरंभ की है। ढाई लाख युवाओं को आरमोल के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा हैं इसके लिए औद्योगिक संस्थाओं से एमओयू हस्ताक्षर किये है। जो बच्चे मैरिट में टॉप कर रहे है। सरकार आगे की पढाई के लिए विदेश भेज रही है व उनका खर्चा राजस्थान सरकार वहन कर रही है। सरकार प्रदेश के 56 हजार विद्यार्थियों को लेपटॉप उपलब्ध करवा रही है। जिनकी कीमत 15 से 20 हजार रूपये है। सरकार 1 लाख बच्चों को आगे की पढाई के लिए 5 साल तक 500 रूपये प्रतिमाह की स्कॉलरशीप दे रही है। राज्य सरकार प्रति वर्ष 1000 नि:शक्त विद्यार्थियों को मोटरोज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध करवा रही है। भविष्य में और भी ऐसी योजनाएं लांच की जायेगी जिनसे विद्यार्थियों का भविष्य सुधरे तथा उन्हें शिक्षा, रोजगार और उन्नति के अवसर मिल सके।

### समाज सेवकों की तारीफ की

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने समाजसेवी देवीचंद देवड़ा के योगदान की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हनुमानसिंह गहलोत एवं मुकेश गहलोत द्वारा विकसित माली सैनी समाज की वैबसाइट का भी लोकार्पण किया। इसमे अब तक माली समाज के 25 हजार लोगों का परिचय फीड किया गया है।

### 536 प्रतिभाओं का सम्मान

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले 536 बच्चों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।

## युवाओं को मंजिल दिलवाना हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां पूरी दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है। दुनिया में डेढ़ सौ से पौने दो सौ बैंक असफल हो गए है। लेकिन डॉ. मनमोहनसिंह व यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी के नेतृत्व में यूपीए सरकार कुशल प्रबंधन करते हुए भारत को मंदी के दौर से सफलता पूर्व आगे बढ़ा रहे है। भारत की विश्व में मंदी की मार सबसे कम है। हाल ही में यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी एवं प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहनसिंह ने दौसा से आधार योजना की शुरूआत की है। जिसके तहत हर व्यक्ति को एक नम्बर दिया जायेगा। जिसके माध्यम से हर व्यक्ति की पहचान उसकी अंगुलियों एवं आंखों के आधार पर हो सकेगी। इससे लोगों को कई अन्य तरह के दस्तावेज बनाने से छुटकारा मिल जायेगा।

### ये थे कार्यक्रम में उपस्थित

इस अवसर पर केन्द्रिय समाज कल्याण बोर्ड की सदस्य सीता भाटी, इन्द्रराज सैनी, दामोदर थानवी, मोतीलाल सांखला, ओमकुमारी गहलोत, राजेन्द्र सोलंकी, राजेन्द्र गहलोत, नरेन्द्र कच्छवाहा, समाजसेवी रणवीरसिंह कच्छवाह, जसवंतसिंह कच्छवाह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।





# चाचा के निधन पर सीएम ने दी मुखाग्नि

## भोजन की नली में कैंसर से पीड़ित थे श्री मोहनसिंह गहलोत

जोधपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के चाचा मोहनसिंह गहलोत का निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे तथा कुछ समय से भोजन नली के कैंसर से पीड़ित थे। देर शाम महामन्दिर स्थित रामबाग श्मशान घाट में उनका अन्तिम संस्कार किया गया। उनके कोई पुत्र नहीं था। इसीलिए मुख्यमंत्री गहलोत सहित अन्य भतीजों ने शव को मुखाग्नि दी। महात्मा गांधी अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार मोहनसिंह ने दोपहर साढे बारह बजे दम तोड़ा। वे पांच दिन से अस्पताल में आईसीयू वार्ड में भर्ती थे। निधन की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री गहलोत विशेष विमान से साढ़े चार बजे जोधपुर पहुंचे। यहां से वे सीधे मण्डोर स्थित गहलोत कृषि फार्म पहुंचे। वहां से वाहन से शवयात्रा निकाली गई। महामन्दिर चौराहे के पास से शवयात्रा पैदल शमशान घाट ले जाया गया। यहां गहलोत ने चाचा की अर्थी को कांधा दिया। मंत्रों के बीच भतीजों कंवरसेन गहलोत, अग्रसेन गहलोत व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुखाग्नि दी।



## ये भी एक संयोग ...

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पिता लक्ष्मणसिंह गहलोत का भी निधन 22 अक्टूबर 1976 को ही हुआ। उनके भाई मोहनसिंह गहलोत का भी निधन 22 अक्टूबर को ही हुआ। इस संयोग को लेकर श्मशान घाट में चर्चा भी चली।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सांय 4.30 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे। कांग्रेस नेताओं तथा पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी आगवानी की। शाम को पहले उनके जयपुर निकलने का कार्यक्रम था। लेकिन देर रात तक यहां सर्किट हाउस में ही रूके रहे।

### ये थे मौजूद

इस अवसर पर सीएम के पुत्र वैभव गहलोत, पाली सांसद ब्रदीराम जाखड, महापौर रामेश्वर दाधीच, उपमहापौर न्याज मोहम्मद, जेडीए राजेन्द्र सोलंकी, बीसूका उपाध्यक्ष जुगल काबरा, कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, विधायक कैलाश भंसाली, एमआईए अध्यक्ष प्रदीक डाकलिया, पुलिस कमिश्नर भूपेन्द्र दक, जिला कलेक्टर गौरव गोयल सहित काफी संख्या में राजनीतिक प्रशासनिक व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





# आज भी शब्दों की महत्ता गांव गांव तक है, पत्रकार सच्चाई के साथ अपनी बात लिखें – श्री अशोक गहलोत

जयपुर। पिंकसिटी प्रेस क्लब के 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करे हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के पत्रकारों का विशिष्ट स्थान रहा हैं पत्रकारों ने आजादी के वक्त से कलम के माध्यम से आजादी के आन्दोलन को आगे बढ़ाया। राष्ट्रपति महात्मा गांधी, राजस्थान केसरी श्री जयनारायण व्यास सहित अनेक लोगों ने आजादी के आन्दोलन में महत्वपूर्ण योगदा दिया। हमें उन परम्पराओं को आगे बढ़ाना है। जिससे की अच्छे साहित्यकार एवं पत्रकार बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी लिखे हुए शब्दों की महत्ता गांव गांव तक है। ऐसे में इसी भावना के अनुरूप पत्रकारों को कलम चलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा जब पत्रकार सच्चाई के साथ अपनी बात लिखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे हमेशा अच्छे पत्रकार बनाने के लिए प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम की चर्चा करते रहे है। राज्य सरकार ने इसी उद्देश्य से जयपुर में हरदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय की स्थापना की है। इस विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में वरिष्ठ पत्रकार श्री सन्नी सेबेसटयिन को कुलपति बनाया हैं उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार इस विश्वविद्यालसय के सफल संचालन के लिए हर संभव सहयोग व समर्थन देगी।

# समाजसेवी श्री भगवानसिंह परिहार ने किया बेटी बचाओं पोस्टर का विमोचन



जोधपुर। समाजसेवी श्री भगवान सिंह परिहार के 84वें जन्म दिवस पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में माली सैनी संदेश द्वारा श्री भगवान सिंह परिहार के मानव कल्याण विशेषकर बालिकाओं के कल्याण हेतु किये गये योगदान से प्रेरित हो बेटी बचाओं पोस्टर प्रकाशन किया गया। बेटी बचाओं पोस्टर का विमोचन श्री भगवान सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

इस अवसर पर महापौर श्री रामेश्वर दाधिच, विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. भवंरसिंह राजपुरोहित, मेडिकल कॉलेज प्रिसिपल डॉ. अरविंद माथुर, सत्पथ सोसायटी सचिव श्री राजेश गहलोत के सानिध्य में किया गया।

माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत, पूर्व मेयर डॉ. ओमकुमारी गहलोत, जिला देहात कांग्रेस अध्यक्ष श्री ऊंकारराम कच्छवाहा, शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती मनीषा पंवार पूर्व पार्षद श्री योगेश गहलोत सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### संपत गहलोत माली संस्थान, जोधपुर दीवानी प्रकरण में कोर्ट का आदेश

# माली संस्थान 2009 के चुनाव में सदस्यता ग्रहण करने संबधी मूल आवेदन पत्र,साधारण सदस्य, मानक सदस्य एवं प्रतिनिधि सदस्यों की सूची प्रस्तुत करें

जोधपुर। अपर जिला न्यायाधीश सं. 4 में माली संस्थान के पूर्व आजीवन सदस्य श्री संपतसिंह गहलोत के द्वारा 2010 में माली संस्थान, जोधपुर के विरूद्ध दायर केस सं. 90/2010 में वादी संपतसिंह गहलोत के द्वारा 2009 की चुनाव प्रक्रिया को अवैधानिक घोषित करने हेतु वाद दायर किया था।

दिनांक 20 जुलाई 2012 को इस प्रकरण की सुनवाई में माननीय न्यायालय ने श्री संपत सिंह गहलोत द्वारा मांगे गये दस्तावेजों में आंशिक रूप से वर्ष 2009 में माली संस्थान 2009 के चुनाव में सदस्यता ग्रहण करने संबधी मूल आवेदन पत्र साधारण सदस्य, मानक सदस्य एवं प्रतिनिधि सदस्यों की सूची प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया। इसके अतिरिक्त अन्य दस्तावेज की वादी की मांग को कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया।

इस प्रकार माली संस्थान, जोधपुर के द्वारा 2009 में सदस्यता ग्रहण करने संबधी मूल आवेदन पत्र साधारण सदस्य, मानक सदस्य एवं प्रतिनिधि सदस्यों की सूची को अदालत ने आगामी 18 अगस्त, 2012 को होने वाली पेशी पर माली संस्थान, जोधपुर को प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया था।

लेकिन माली संस्थान, अध्यक्ष ने उक्त 18 अगस्त 2012 की पेशी में न्यायलय के आदेश की पालना नहीं की। इस संबध में आगामी पेशी 10 नवम्बर, 2012 को है।

## माली संस्थान, जोधपुर अध्यक्ष छात्रावास में रह रहे छात्रों के स्वास्थ्य के साथ कर रहे है खिलवाड़

**मेरी मर्जी मैं चाहे जो करूं**

जोधपुर। माली संस्थान, जोधपुर के रामबाग परिसर स्थित छात्रावास में लगे मोबाईल टॉवर को हटाने हेतु माली सैनी संदेश ने दिनांक 12 सितम्बर, 2012 को संस्थान अध्यक्ष को छात्रों के स्वास्थ्य हित में मोबाइल टॉवर हटाने हेतु पत्र रजिस्ट्रड डाक के जरिए भेजा लेकिन जैसा कि विदित है माली संस्थान अध्यक्ष अपने हठधर्मिता के चलते किसी भी प्रकार के सुझाव को मानना अपना अपमान समझते है उन्होंने न तो इस टॉवर को हटाने की कार्यवाही की न ही इस संबध में अपना स्पष्टीकरण देना उचित समझा। जब राजस्थान हाईकोर्ट ने आदेश पारित किया है कि सभी विद्यालय परिसरों, अस्पतालों के आस-पास से मोबाईल टॉवर को तुंरत प्रभाव से हटा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट के आदेश की पलाना में राज्य सरकार ने भी सभी विभागों एवं अधिकारियों को इस संबध में स्पट आदेश दिया है। लेकिन हमारे संस्थान के अध्यक्ष इन आदेशों की पालना नहीं कर रहे है उन्हें वहां रह रहे सैकड़ों छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य से कोई सरोकार नहीं है जबकि टॉवर से निकलने वाली विकरणों से वहां रहे रहे छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव की अघिकारिक पुष्टि वैज्ञानिक जांच से हो चुकी है।

माली संस्थान अध्यक्ष ने आम सभा 2012 के आगामी 2013 बजट में इस टॉवर से होने वाली अनुमानित आय 50700 का ब्यौरा दे कर यह साबित किया है कि हमें किसी की परवाह नहीं हम जो चाहे वो ही करेगें चाहे इसके लिए हमारे समाज की युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य पर भी कोई विपरीत प्रभाव हो तो भी हमें इसकी परवाह नहीं।

माली संस्थान अध्यक्ष से अपनी हठधर्मिता से अनेकों बार समाज के लोगों की भावनाओं को आहत किया है लेकिन वह अपनी गलती मानने की बजाए उसे ही जायज बताना अपना अधिकार मानते है।

इससे पूर्व भी माली सैनी संदेश ने अनेकों बार माली संस्थान, जोधपुर अध्यक्ष को संस्थान एवं समाज हित के मुद्दों पर अनेकों पत्र व्यवहार किए लेकिन अध्यक्ष महोदय ने न तो इनका जवाब देना उचित समझा और न ही इन सुझावों पर कार्यवाही करने की सोची। उनका उद्देश्य तो केवल एक ही है कि वो चाहे जो भी करे उनकी मर्जी होगी वही चलेगा चाहे वह उचित हो या नहीं। इसी हठधर्मिता का खामियाजा समाज एवं संस्थान के सदस्यों के साथ ही अब छात्रावास में रह रहे विद्यार्थी एवं प्रतियोगिता परिक्षा में प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं को भी भुगतना पड़ रहा है जिनका अधिकतर समय इस परिसर में बितता है।

# समाज के विकास के लिये युवाओं को आगे आना चाहिए - श्री राजेन्द्र गहलोत





बैंगलोर, संत शिरोमणि लिखमीदासजी स्मारक विकास संस्थान अमरपूरा नागौर (राज.) शाखा-बैंगलोर के सम्मान समारोह में संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजस्थान राजेन्द्र गहलोत ने समारोह में माली (सैनी) समाज के बन्धुओं को संबोधित करते हुए कहा की समाज के विकास के लिए जब तक युवा शक्ति जागरूक होकर आगे नहीं आयेगी तब तक समाज का विकास नहीं हो सकता, उन्होंने कहा कि माली (सैनी) समाज के आराध्य संत लिखमीदास महाराज द्वारा बताये मार्ग पर चलकर व्यक्ति स्वयं का कल्याण कर सकता है, संत लिखमीदास महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लिखमीदास महाराज की भक्ति की महीमा विलक्षण थी, वे प्रभु भक्ति में इतने लीन हो जाते थे की उनके आस-पास क्या हो रहा है उनको पता नहीं चलता था, गृहस्थ आश्रम में रहते हुए भी महाराज लोभ, मोह, अंहकार से परे थे।

उनके द्वारा गाये गये भजनों से उनकी भक्ति की पराकाष्ठा का अनुभव होता है, उनकी सादगी भरी जिन्दगी से मनुष्य को सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष मोतीबाबा फुले ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में संस्थान में सहयोग देने वाले भामाशाहों का प्रशस्त्री पत्र, शाल एवं माला द्वारा अभिनन्दन किया गया, गांधीनगर स्थित गुजराती वैष्णव समाज भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य राधाकिशन तंवर, बैंगलोर शाखा के कार्यकारिणी सदस्य चौथाराम सुंदेशा, उदयराम परमार, बरदीचंद देवड़ा, तलाराम सोलंकी, रूपेश सोलंकी, भरतकुमार परिहार, रमेश गहलोत, साकलाराम गहलोत, माली (सैनी) युवा संगठन बैंगलोर के संरक्षक अमित बागड़ी उपाध्यक्ष रामलाल सोलंकी, मंत्री रमेश कच्छवाह, कोषाध्यक्ष उत्तम पंवार एवं समाज बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बाबुलाल सांखला ने किया।

# जैसलमेर मे माली सैनी समाज का सम्मेलन संपन्न

जैसलमेर । लौद्रवा के चामुंडा माता मंदिर परिसर में मगंलवार 18 सितम्बर को माली सैन साज का सम्मेलन आयोजित हुआ । समाज के अध्यक्ष प्रेमराज पंवार ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख अब्दुला फकीर एवं अध्यक्षता नगर पालिका पोकरण की अध्यक्ष छोटेश्वरी देवाी आईदान माली ने की । विशिष्ट अतिथि के रूप मे विधायक छोटू सिंह भाटी, पंचायत समिति जैसलमेर के प्रधान मूलाराम चौधरी, अमरसागर के सरपंच भोजराज कच्छावा, कांग्रेस के जिला प्रवक्ता शंकरलाल माली मेला संयोजक मूलचंद सोलंकी, पोकरण माली समाज अध्यक्ष हंसराज सोलंकी, बाड़मेर माली समाज अध्यक्ष प्रेमाराम पंवार, बालोतरा माल समाज अध्यक्ष चंपालाल, महात्मा ज्योतिबा फूले के अध्यक्ष मेघराज परिहार, पूर्व माली समाज अध्यक्ष पोकरण रमेश माली उपस्थित थे। इस मौके पर समाज के सुधार व विकास के संबंध 1 में विचार प्रकट किए। इस अवसर पर क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरस्कृत करने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओ को भी सम्मानित किया । कार्यक्रम को जिला प्रमुख फकीर प्रधान चौधरी एवं विधायक भाटी ने भी संबोधित किया। जिला प्रमुख ने समाज विकास के लिए पांच लाख रूपये देने रूपये देने की घोषणा की । पोकरण नगरपालिका अध्यक्ष ने मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रथम व द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया । समाज की ओर से अतिथियों का साफा पहनाकर व शॉल ओढाकर अभिनंदन किया गया । सम्मेलन में महामंत्री मूलमंद परिहार, कोषाध्यक्ष दीनदयाल सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष जेठाराम परिहार, पदमाराम परिहार, चुन्नीलाल परिहार, नारायणदास, डॉ. मदनलाल परिहार, आशाराम सोलंकी, तोलाराम परिहार, बालाराम पंवार, कालूराम सोलंकी, दीनदयाल सोलंकी ने हिस्सा लिया । कुलादेवी के दर्शनों के लिए मोहनगढ, रामगढ, शिव, बाड़मेर, बालोतरा, सिवाना, जोधपुर, बालेसर, पोकरण सहित अन्य स्थानो से भी श्रद्धालु लौद्रवा आए ।

# डॉ. पृथ्वी सांखला जिला कलेक्टर बीकानेर का माली समाज द्वारा किया अभिनन्दन



बीकानेर/ डॉ. पृथ्वीराज सांखला आई.ए.एस. जिला कलेक्टर बीकानेर के स्थानान्तरण होने पर उनके सम्मान में माली (सैनी) समाज बीकानेर द्वारा रविवार 7 अक्टूबर को शिवपार्वती मंदिर, माली समाज भवन गोपेश्वर बस्ती में विदाई सम्मान समारोह व सहभोज का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. ए.के. गहलोत कुलपति पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्व विद्यालय, विशिष्ट अतिथि श्री डॉ. सतीश कच्छावा अधीक्षक पी.बी.एम. हॉस्पीटल व अध्यक्ष के रूप में श्री रामलाल गहलोत समाजसेवी गंगा शहर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री डॉ. ए.के. गहलोत व अध्यक्ष श्री रामलाल गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। निवर्तमान जिला कलेक्टर डॉ. पृथ्वी सांखला को समाज के अतिविशिष्ट व्यक्तियों द्वारा माल्यार्पण व साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। डॉ. पृथ्वी के बीकानेर जिले के 2 वर्षो के कार्यकाल के दौरान बीकानेर शहर में कराये गये विकास के ऐतिहासिक कार्यों एवम् उपलब्धियों के लिये बीकानेर माली (सैनी) समाज द्वारा श्रेष्ठ सेवा सम्मान के रूप में उनको अभिनन्दन पत्र भेंट किया। डॉ. पृथ्वी के पारिवारिक परिचय व उनकी उत्तरोत्तर प्रगति को इंगित करते हुये बीकानेर शहर के विकास के कार्यों से वर्णित अभिनन्दन पत्र का वाचन सुश्री खुशबु सैनी (टाक) ने किया। श्री गोपाल गहलोत पूर्व अध्यक्ष शहर भा.ज.पा. के प्रयासों से आयोजित इस बिदाई सम्मान समारोह में माली समाज के विभिन्न क्षेत्रों व विभिन्न वर्गों के लगभग 1500 से अधिक लोगों ने उपस्थित होकर अपने दोनों हाथों की करतल ध्वनि से जोरदार अभिवादन किया इस दृश्य को देखकर डॉ. पृथ्वीजी की आंखे खुशी और अपने प्रति स्नेह से द्रवित हो गई। डॉ. पृथ्वी ने अपने हाथों को जोड़कर आंखे मून्दकर समाज का अभिवादन किया। इस दृश्य से उपस्थित सैकड़ों लोगों की आंखे, खुशी से द्रवित हुए बिना नहीं रही। डॉ. पृथ्वी ने अपने सम्बोधन में समाज के लोगों द्वारा उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के लिये आभार व्यक्त करते हुये कहा कि आपका मेरे प्रति किया गया सम्मान मेरे जीवन में अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई फुले के नाम पांच पांच बार जयघोष लगाते हुये उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने लड़का-लड़की के भेद को मिटाते हुए बच्चों को शिक्षित बनाने की अपील की। उन्होंने समाज के विकास के लिये शिक्षा को सर्वोपरी बताया। डॉ. पृथ्वी ने उपस्थित समस्तजनों को अपने-अपने नाम को लेकर शपथ के साथ प्रतिश दिलाई कि मैं अपने परिवार, अपने मुहल्ले, अपने समाज के बच्चों को हर संभव शिक्षा दिलाऊंगा। शिक्षा को समाज के विकास का आधार बताते हुये हर गांव, हर कस्बे से अलग अलग आई.ए.एस. बनाने का आव्हान किया। समाज की प्रगति के लिये समाज के लोगों को राजनैतिक रूप से एकजुट संगठित होने की बात कही। उन्होंने कहा कि बीकानेर में माली जनसंख्या को देखते हुऐ एक माली नेता को एम.एल.ए. आसानी से बनाया जा सकता है। श्री रामलाल गहलोत ने सभी अतिथियों व उपस्थित जनता जनार्द्धन का आभार व धन्यवाद दिया। इस समारोह में बीकानेर के समस्त राजनैतिक माली समाज के लोग, कर्मचारी, अधिकार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन गोपाल गहलोत, टींकू भाटी, यशपाल गहलोत, बुलाकीराम गहलोत, त्रिलोक गहलोत, देवकिशन गहलोत, सत्यनारायण पंवार गुलाब गहलोत के सद्प्रयासों से हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्री मेघराज टाक ने किया।

## सांवर परिहार फलैगशिप योजनाओं के क्रियान्वन के लिए जिला संयोजक नियुक्त



जन सहयोग मंच राजस्थान जिला जोधपुर के जिला संयोजक सांवर परिहार के बनने पर सम्पुर्ण जिले के युवाओं में खुशी की लहर छा गइ।

जन सहयोग मंच का कार्य राजस्थान सरकार की फलैगशिप योजनाओं को आम जन तक पहुंचाना है। परिहार ने कहा कि मुझे फलैगशिप योजनाओं के क्रियान्वन के लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक जी गहलोत और प्रदेश संयोजक श्री लोकेश जी शर्मा ने मुख्यमंत्री जी के गृह जिले का प्रभार सौंप कर मुझे जिला संयोजक नियुक्त किया है इसलिए मैं सदेव इनका आभार रहकर इनके निर्देशन पर कार्य करेंगे।

# युवा क्रान्ति से ही होगा समाज में नवीन विचारधारा का सूत्रपातः मांगीलाल पंवार





15 अक्टूबर 2012। नीम चौकी शहर सवाई माद्योपुर मे सैनी नवयुवक संस्था की तृतीय वर्षगांढ के उपलक्ष में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फूले युवा महासभा में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुऐ महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मांगीलालजी पंवार ने कहा कि युवाओ को समाज सेवा मे सक्रिय भूमिका का निर्वाह करते हुऐ सामाजिक जनचेतना की पहल करनी होगी जिससे की समाज मे युवा क्रान्ति लाई जा सके । युवाओ को समाज की रीढ़ के रूप में कार्य करते हुऐ, समाज को शिखर तक पुहँचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी ।

कार्यक्रम मे विशिष्ट आतिथि के रूप मे अनुभव जी चन्द्रेल, पूनम जी कच्छावा, रामावतार सिगोंदिया ने शिरकत की । कार्यक्रम को अध्यक्षता सैनी नवयुवक संस्था के अध्यक्ष कमलेश सैनी ने की । युवा महासभा ने समाज के वरिष्ठ नागरिको का सम्मान, दानदाताओ का सम्मान, शिक्षा एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान करने वालो का सम्मान किया गया। साथ ही रामनवमी पर आयोजित विवाह सम्मेलन के जोडो का विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गय। युवा महासभा में माली लहर के संयोजक हेमराज जी सैनी, बारां से मोहनलाल सुमन, कोटा से जगदीश जी सैनी ने शिरकत की ।




कार्यक्रम मे भंवर लाल सुमन कवि ने कविता प्रस्तुत की । अल्लापुर के पूर्व सरपंच लटूर जी, खिरनी से नन्द किशोर जी सैनी, खेरदा से भगवान सैनील, लाखेरी से श्रीमति गायत्री देवी ने समाज हित मे विचार व्यक्त किये । सैनी नवयुवक संस्था अध्यक्ष कमलेश सैनी बारवाल के अनुसार कार्यक्रम में परलीपार, आलनपुर, जटवाडा खुर्द, छाण, बहरावण्डा, खण्डार, श्योपुर, गंगापुर सीटी, जयपुर, बाटोदा, भडेरडा आदि क्षैत्रो से समाज के कार्यकर्ताओ ने शिरकत की । अध्यक्ष कमलेश सैनी ने कार्यक्रम में पधारे हुए मुख्य व विशिष्ट अतिथियो का व समाज बन्धुओ का आभार व्यक्त किया । अध्यक्ष ने कहा कि सैनी नवयुवक संस्था समाज में नवीन विचार द्यारा के साथ नित नऐ आयान स्थापित करके समाज में युवा क्रान्ति लाना चाहती है । उन्होने कि संस्था ने 25 दिसम्बर 2011 को जिले में पहली बार नवीन शुरूआत करते हुऐ युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करवाया । 01 अप्रेल 2012 रामनवमी को 52 जोडो का सामूहिक विवाह सम्मेलन करवाया और आज युवा महासभा का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम मे कुशतला से रघुनाथ सैनी, सुरेश सैनी, धनश्याम सैनी उपस्थित थे। संचालन कमलेश सैनी ने किया ।

# जिन्दल सॉ कम्पनी को जमीन देने का विरोध किया माली महासभा ने

भीलवाड़ा। राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के जिलाध्यक्ष व डीसीसी मेम्बर गोपाललाल माली तथा कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ पश्चिमी ब्लॉक अध्यक्ष मीठुलाल माली के नेतृत्व में 14 सितम्बर को पुर व समोडी गांव के सैकड़ों किसानों ने जबरदस्त आपत्ति जताते हुए रीको द्वारा जिन्दल कम्पनी के लिए जमीन आवप्ती की कार्यवाही को अनुचित ठहराया तथा विरोध प्रदर्शन किया। करीब तीन घण्टे तक चले प्रदर्शन में किसानों ने जिन्दल कम्पनी हाय-हाय के नारों सहित अपनी सोना उगलती जमीन को किसी भी हालत में अवाप्त नहीं करने की मांग करने लगे। रिको कार्यालय में की जा रही सुनवाई को माली ने गलत बताते हुए इसे तहसील या पंचायत भवन में करने की भी मांग की और उन्होंने कहा कि पूर्व में जिन कास्तकारों की जमीन कम्पनी ले चुकी है अभी तक उन परिवार के किसी भी सदस्य को कम्पनी ने रोजगार उपलब्ध नहीं करवाया है। जबकि कम्पनी ने पहले ही स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने का आश्वासन देकर कास्तकारों की भूमि व सरकार से एनओसी प्राप्त की थी। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग कम्पनी के साथ मिले हुए है। जो अपने स्वार्थ के लिए किसानों की जमीन विकास के नाम पर कम्पनी को दिलवाकर लोगों को बेरोजगार करना चाहते है।

महासभा के जिलाध्यक्ष गोपाललाल माली ने बताया कि पूर्व में जिन्दल को दी गई भूमि व अवाप्त की जा रही भूमि माली समाज के लोगों की सबसे ज्यादा भूमि है। इससे समाज को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। जबकि कम्पनी में एक भी माली समाज के व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध नहीं हुआ है। इस अवसर पर नानूराम गोयल, नन्दलाल माली, धन्नाराम गोयल, मोहन माली, मूलचन्द माली, रमेश सरिवाल, पूरणमल गढवाल, गणेश माली, सीताराम माली, डालचन्द माली, प्रभुलाल माली, जमनालाल विश्नोई, गोपीलाल विश्नोई, रामलाल अजमेरा, भंवरलाल छीपा, कल्याणमल धोबी, नारायण सेन, बंशीलाल माली, भैरूलाल प्रजापत सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

## मदनलाल सैनी निर्विरोध अध्यक्ष बने



मदनलाल सैनी

सीकर। कृषि उपज मंडी परिसर में सीकर फल सब्जी थोक विक्रेता संघ सीकर की कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को सम्पन्न हुए, जिसमें मदनलाल सैनी (आड़तिया) को सर्व सम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। तत्पश्चात् प्रहलाद कुल्हरि को उपाध्यक्ष, असरार अहमद को महामंत्री एवं महेश सैनी को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। निर्वाचन अधिकारी विश्वनाथ सैनी ने निर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर अभिनन्दन किया।

**सैनी को अध्यक्ष बनने पर बधाई**

सकीर। फल एवं सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष पद पर मदनलाल सैनी आड़तिया के निर्विरोध चुने जाने पर अनेक सामाजिक संस्थाओं एवं लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में पूर्व भाजपा पार्षद प्रभु दयाल सैनी, सत्यप्रकाश सैनी, पार्षद प्रहलाद सैनी, पूर्व सरपंच श्रीमती प्रतिभा सैनी, श्रीमती राजेश्वरी सैनी, मूलचन्द सैनी, नन्दकिशोर सैनी, गिरधारी लाल सैनी, सीताराम सैनी आदि शामिल है। सभी ने आशा व्यक्त की है कि मदनलाल सैनी व्यापारियों एवं किसानों के हित में कार्य करेंगे।

# माली (सैनी) युवा संगठन ने बैंगलोर में मनाया गणेशोत्सव






माली (सैनी) युवा संगठन ने मनाया गणेशोत्सव बैंगलोर माली (सैनी) समाज कर्नाटक बैंगलोर की युवा ईकाई में (माली सैनी) युवा संगठन ने हुलीमाऊ स्थित माली (सैनी) समाज प्रांगण में गणेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया इस अवसर श्रीकृष्ण सेवा आश्रम को जन सेवार्थ एम्बुलेन्स भेंट की गई। इस अवसर पर माली (सैनी) समाज कर्नाटक के संरक्षक राजाराम चौहान, युवा संगठन के संरक्षक अमित बागड़ी, अध्यक्ष माणक चौहान, उपाध्यक्ष रामलाल सोलंकी, मंत्री रमेश कच्छवाह, कोषाध्यक्ष उत्तम पंवार, सहमंत्री पवन भाटी, सह कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र बागड़ी, सांस्कृतिक मंत्री सुनील चौहान के साथ वरदीचन्द देवड़ा, पुखराज सोलंकी, महेन्द्र बागड़ी, रूपेश सोलंकी, जे.पी. सेनी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जन्मदिवस विशेष

# श्री भगवानसिंह परिहार

## न हि मानुषात श्रेष्ठतम् किंचित।

**(अर्थात मानवता से बढ़कर कोई धर्म नहीं है)**



संसार में मनुष्य रूप में भी कुछ ऐसे ''देवपुरूष'' है जो मनुष्य योनि में जन्म लेकर भी देवताओं जैसे कार्य करते है। उनके प्रत्येक कर्म निस्पृह, निरीह, कामना रहित होते है। परोपकार में सतत् लगे रहना तथा नाम, यश, मान-सम्मान की इच्छा भी नहीं करना। ऐसे ही देवपुरूषों में गिने जाने योग्य है मारवाड़ जोधपुर के श्री भगवान सिंह परिहार आपका जन्म 12 अक्टूबर, 1929 को जोधपुर में पिता श्री श्रीरामसिंह परिहार के घर मातुश्री मानीदेवी की पवित्र कोख से हुआ। आपकी शिक्षा-दीक्षा जोधपुर में ही संपन्न हुई। आपका कर्म क्षेत्र भी जोधपुर व आसपास का क्षेत्र ही रहा। आपने आजीविका के निमित विभिन्न गौरवशाली पदों पर कार्य किया तथा पद-प्रतिष्ठा भी प्राप्त की। किंतु इनके अन्तर्मन को यह सब कुछ अच्छा नहीं लगा। मनुष्य रूप में तो आपने विभिन्न सेवाओं में रहते हुए जनकल्याणी कार्य तो किये ही किंतु आपके भीतर छुपी देवात्मा को इनसे सन्तुष्टि नहीं हुइ। आपने मानव जीवन की सार्थकता के लिए इन सबसे हटकर और कुछ नया करने की ठानी। दृढ़ संकल्प एवं प्रबल इच्छाशक्ति के समक्ष विध्न-बाधाएँ दूर होकर सफलता का मार्ग स्वत: प्रशस्त हो जाता है। श्री भगवान सिंह परिहार को भी अपने कार्य में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा किंतु ध्येय पवित्र हो, उद्देश्य निष्काम हो, इरादा पक्का हो तो समस्याएँ भी सफलता का स्वरूप ले लेती है। श्री परिहार के साथ भी ऐसा ही हुआ। आपने अपनी प्रबल इच्छाशक्ति एवं दृढ़संकल्प के बल पर कई जनहितकारी संस्थानों की स्थापना की तथा उनका सफलतापूर्वक संचालन कर रहे है।

विशेष उल्लेखनीय तथा अविस्मरणीय तथ्य यह है कि आपने ऐसे बच्चों के कल्याण का मार्ग चुना जिन्हें माता-पिता भी त्याग देते है भगवान भी जिने मुँह मोड़ लेता है। धरती का यह भगवान (सिंह परिहार) उन्हें अपनाता है, हृदय से लगाता है तथा जीवन निर्माण के हर संभव प्रयत्न करता है। मानव समाज जिसे हेय समझता है, घृणित दृष्टि से देखता है और ठुकराता है पृथ्वी का यह देवपुरूष (श्री भगवान सिंह परिहार) उसे विधाता की परम पवित्र रचना समझकर अपनाता है। ईश्वर की प्रत्येक रचना में परमात्मा का अनुभव करना, उसका स्वरूप देखना यहीं चिंतन की पराकाष्ठा है यही दिव्य दृष्टि है। यहीं वह स्तर है जहाँ मनुष्य व भगवान का अन्तर स्वत: समाप्त हो जाता है। साधारण मानव तथा इस दिव्य विभूति के चिंतन में कितना अंतर!! करने योग्य कर्म सतत् करते रहना तथा फल की इच्छा भी नहीं करना यही है कर्म योग। यही है गीता का गूढ़ ज्ञान। जिसे श्री भगवान सिंह परिहार ने हृदयङ्गम कर रखा है तथा अपने सम्पूर्ण जीवन को इसी में लगा कर मान जीवन को सार्थक कर रहे है। मनुष्य के लिए कर्तव्य कर्म ही उसका धर्म है। और जहां धर्म है वहाँ शील है, जहाँ शील है वहाँ सत्य है और जहाँ सत्य है और जहाँ सत्य है वहां ''श्री'' (लक्ष्मी) का निवास है। संक्षिप्त: जहाँ धर्म है वहाँ शील, सत्य श्री आदि सब है। समस्त आगम-निगम, वेद पुराण, शास्त्र आदि का सार भी यही है और श्री भगवान सिंह परिहार ने सर्व शास्त्र के सार को सच्चे अर्थो में आत्मसात् किया है अपने जीवन में। इससे बढ़कर मानव जीवन की सार्थकता और किसमें हो सकती है?

अपने 83 वर्षीय जीवन में श्री भगवान सिंह परिहार ने परमार्थ के कितने कर्म और किस स्तर पर किए है यह शोध का विषय है। हम इस शोध की गहराई में जितना अधिक जाएँगे आपकी समर्पित सेवाओं की भावनाओं को उतना ही ऊँचा पाएँगे। यदि आपके पास समय है तो जाइये नवजीवन संस्थान (लव-कुश संस्थान, ''आस्था'' बाल शोभागृह, लव-कुश बाल विकास केन्द्र, गायत्री बालिका विकास गृह जैसे पवित्र स्थलों पर। इन स्थलों का निर्माण कार्य, वहाँ का प्रत्येक बाल-बालिका, प्रत्येक कर्मचारी ही नहीं बल्कि प्रत्येक जड़-जङ्गम पदार्थ श्री परिहार के परमार्थ व सर्वोच्च विचारधारा के कथा स्वयं कहेंगे। आवश्यकता है केवल वहाँ जाकर उनका बारिकी से अध्ययन करने की, परमार्थ के प्रत्येक पाठ को पढ़ने की तथा उससे सद्प्रेरणा ग्रहण करने की। न केवल माली-सैनी समाज और न केवल जोधपुर शहर बल्कि सम्पूर्ण मारवाड़ क्षेत्र के लिए यह गर्व का विषय है कि ऐसे परमार्थी, परम दिव्य पुरूष का जन्म माली सैनी समाज में हुआ। आपके जन्म (नहीं बल्कि कहना चाहिए कि अवतार) से मारवाड़ की धरा धन्य हुई।

''मानवता के मसीहा'' ने प्राणी मात्र के लिए इतना कुछ किया और कर रहे है। आपके जन्मदिवस के शुभ अवसर पर हम आपको हार्दिक बधाई देते है तथा आपके सुख समृद्धिमय और शांतिपूर्ण भावी जीवन की मंगलकामना करते है। हम सब नमन करते है परमार्थ की आपकी परम पवित्र भावनाओं को। मानवता की यह निस्वार्थ सेवा ही आपकी तपस्या है, साधना है। आपकी इस साधना के समक्ष हम सब श्रद्धावनत है। स्वयं मानवता आपकी इस सेवा के लिए आपकी सदा ऋणी रहेगी। किसी भी प्रकार का मान सम्मान, उपाधि, पदक अथवा पुरस्कार देकर भी आपके इस ऋण से उऋण (ऋणमुक्त) नहीं हुआ जा सकता। धन्य है आपका कुल, धन्य है आपके माता-पिता जिनकी 'कोख' को आपने अपने पुरूषार्थ से पवित्र किया । ऐसी दिव्य विभूति के सेवा भाव के बदले कुछ दिया जाय या किया जाय वह कम है।

# गंगापुरसिटी मे माली समाज की 150 प्रतिभाएं सम्मानित

गंगापुर सिटी । सावित्री बाई एवं महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को जिला स्तरीय माली (सैनी) समाज को प्रतिभा सम्मान समारोह कन्हैया नगर मिर्जापुर में आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि जेल एवं जन अभाव अभियोग मंत्री रामकिशोर सैनी थे । अध्यक्षता डांग विकास बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण सैनी ने की । विशिष्ट अतिथि संसदीय सचिव रामकेश मीणा आदि थे ।

मुख्य अतिथि ने कहा कि जीवन में आगे बढने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें और उसयी के अनुरूप तैयारी करे । वर्तमान समय प्रतिस्पर्द्धा का है । संसदीय सचिव ने कहा कि आधुनिक युग में बिना शिक्षा कोई भी समाज जिंदा नही रह सकता है । उन्होने मुख्य अतिथि से डांग विकास बोर्ड द्वारा गंगापुरा के लिए बजट उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान में बोर्ड मे उपखंड की 5 पंचायते है, जबकि जरूरत के हिसाब से 18 पंचायते होनी चाहिए ।

समाज के छात्रावास की मांग पर उन्होने कहा कि रजिस्टर्ड संस्था के नाम जमीन आवंटन के लिए नगर पालिका में आवेदन करे । जमीन स्वीकृत होने पर उन्होने छात्रावास निर्माण के लिए दस लाख रूपये देने की घोषणा की । डॉ. सत्यनारायण सिंह ने कहा कि समाज एकजुट रहेगा तो कोई मांग अधूरी नहीं रहेगी । माली महासभा अध्यक्ष भागचंद सैनी ने प्रतिभाओं को तराशकर उन्हें उच्च शिक्षा देने की बात कही ।

इससे पूर्व अतिथियो का माल्यार्पण कर तथा साफा बांधकर स्वागत किया गया । समारोह मे अतिथियों ने सेकंडरी परीक्षा में छात्र 75 प्रतिशत, छात्रा 70 प्रतिशत, सीनियर सैकंडरी में छात्र 70, छात्रा 65 तथा स्नातक व स्नातकोतर परीक्षा मे छात्र 60 व छात्राओ द्वारा 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली समाज की प्रतिभाओ को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया । साथ ही सत्र 2011-12 केन्द्र या राज्य सरकार आरएएस, आईएएस, बैंक, रेलवे, बीमा में नियुक्त कर्माचारी, आरटेट में 70 प्रतिशत से अधिक, सीटेंट में 70 प्रतिशत से अधिक एनसीसी में सी सर्टिफिकेट प्राप्त, स्काउट में राज्य पुरस्कार प्राप्त, आरपीएमी व सीपीएमटी में चयनित आदि प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया ।

समारोह मे हरिचरण सैनी, रामकेश सैनी, रामफूल सैनी, ओपी सैनी, लटूरलाल सेनी, कन्हैयलाल सैनी, नंदकिशोर सैनी, जमनालाल सैनी, भगवान सहाय सैनी, भागचंद सैनी, छोटेलाल सैनी सहित समाज के कई लोग मौजूद थे ।

## गुलदान

रेत कंकड़ गुलमिल कर
बना एक घरोंदा
चलती चाक व जलती आग में तपकर
रूप निराला मैं धरा आया पानी में पककर
जब घर आंगन तेरे आया, लम्बी आस लेकर
सावन भादो और मृदा की मण्डली में
कल्लीयाँ रोपी अन्दर
मानो गगन में जाने का सहास लेकर
मेरी छाती पर लहराई
बगियाँ जिन्भर कर
रंग बिरंगे पुष्प निकले
जैसे नवजात शिशु के कान
सब आते-जाते हाथ लगाकर
करते मेरा मान
वाह! वाह रे गुलदान

लालाराम सांखला (भोपालगढ़)

## सूरजमल तीसरी बार बने जिलाध्यक्ष

चौमू । माली (सैनी) महासभा पंचायक संस्था के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का मंगलवार को सैनी सभा भवन में हुए एक समारोह मे अभिनन्दन किया गया । तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए ठेकेदार सूरजमल सैनी ने कहा कि वे समाज का मुखिया न बनकर सेवक के रूप में कार्य करेंगे । उन्होने कहा कि उनका पहला लक्ष्य समाज को विकास की और ले जाना रहेगा । उन्होने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन चौमू के साथ जिले में अन्य स्थानों पर भी कराए जाने का प्रयास करेंगें । जिला महामंत्री गुड्डूसैनी ने कहा कि समाज न उन्हे निर्वाचित करके उन पर दायित्व का भार बढाया है । जिसका पूरा करने का प्रयास करेगे । उपाध्यक्ष दिनेश कुमार तिगरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष गोविंदनारायण सैनी समाज तहसील अध्यक्ष संतोष सैन ने आंगतुको का आभार व्यक्त किया ।

गुलाब सैनी, घीसालाल सैनी, किशलाला आड़तिया, जगदीश प्रसाद, रामपाल टाकरडा, ओमकार तंवर, महेन्द्र भगत, भूरामल सैनी, रामपाल तुंदवाल, बाबूलाल राई, मदनलाल सतरवाल, राधेश्याम सैनी, नानूराम सैनी, प्रभातीलाल, अर्जुनलाल, मांगीलाल, विष्णु बोदूराम, कन्हैयालाल, डॉ, सोहन हीरालाल पांग्या, हीरालाल जादम, पांचूराम पंचवटी, डॉ. सुरेश तंवर, कृष्ण, प्रहलाद, शंकरलाल तोबड़ा, रामप्रकाश्या तुंदवाल आदि मौजूद थे ।

द्वितीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन

# 12 प्रतिशत समाज एक जुट होकर सत्ता का सूत्रधार बनें



दिल्ली/ ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज द्वारा समाज के नवनिर्वाचित विधायकों/पाषर्दों का अभिनन्द समारोह तथा समाज के युवक-युवतियों का द्वितीय परिचय सम्मेलन 2 अक्टूबर 2012 को सैनी भवन स्थल, मंगोलपुरी इण्डस्ट्रीयल एरिया, फेज वन, टीवीएस शोरूम के सामने, पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशन के पास दिल्ली-83 में आयोजित हुआ।

आयोजन की अध्यक्षता चौ. इन्दराज सिंह सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष, उद्घाटनकर्त्ता श्री राजपाल सिंह सैनी राज्य सभा सदस्य, मुख्य अतिथि श्री स्वामी प्रसाद मोर्य नेता प्रतिपक्ष यू.पी. एवं राष्ट्रीय महासचिव बसपा, डा. धर्मसिंह सैनी पूर्व मंत्री, विधायक तथा अध्यक्ष लोकलेखा समिति यू.पी., श्री राजकुमार सैनी पूर्व मंत्री हरियाणा, श्री आर. एस. कुशवाह एमएलसी यू.पी., श्री हरपाल सैनी एमएलसी यू.पी., श्री सी.पी. सिन्हा अध्यक्ष किसान आयोग विहार, श्री एच.पी. सिंह पूर्व सांसद बिहार, अति विशिष्ट अतिथि, श्रीमति अंकिता सैनी पार्षद, श्री रामदयाल महतों पार्षद दिल्ली, विशिष्ट अतिथि थे।

अतिथियों ने महात्मा जोतीराव फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का उद्घाटन किया। समाज की ओर से अतिथियों को साफा तथा शाल पहनाकर पुष्प मालाओं तथा बुके देकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

श्री राजपालसिंह सैनी ने कहा कि समाज को अन्य राजनैतिक दलों के बजाय बसपा ने सर्वाधिक उम्मीदवार बनाए और अधिकांश समाज के उम्मीदवार जीतें हमारे समाज के मा. श्री स्वामी प्रसाद मोर्य को प्रदेश अध्यक्ष विधायक दल का नेता, और वर्तमान में पार्टी का महासचिव बनाकर समुचित प्रतिधित्व दिया है। पार्टी द्वारा समाज के सक्रिय कार्यकर्त्ताओं को एमएलसी बनाया और मुझे भी पार्टी ने राजसभा में सांसद बनाकर समाज का गौरव बढाया है। ऐसा उदाहरण देश के किसी भी राज्य में किसी भी पार्टी द्वारा समाज को अवसर नहीं दिया। हमारे समाज के लोगों को यदि बड़ी राजनैतिक पार्टीयां उम्मीदवार बनाती तो वह जीत कर पार्टी का सम्मान तथा शक्ति बढ़ाते है। यहां दिल्ली का ही उदाहरण ले भाजपा ने पार्षद चुनाव में दो उम्मीदवार बनाए, और दोनों ही ने विजय होकर सामाजिक शक्ति का प्रदर्शन प्रदर्शन किया है।

मुख्य अतिथि श्री स्वामी प्रसाद मोर्य ने कहा कि हमारे समाज से ही महात्मा बुद्ध सम्राट अशोक, सम्राट चन्द्रगुप्त मोर्य, सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत महात्मा जोतीराव फुले, प्रथम शिक्षित शिक्षिका सावित्री बाई फुले, शहीद उद्यम सिंह, विहार के लेनिन बाबू जगदेव ने समाज को दिशा दी है। श्री मोर्य ने कहा कि समाज एकजुट होकर समाज के उम्मीदवारों को जब तक संसद, विधान सभाओं में तथा अन्य सवैधानिक संस्थाओं में 12 प्रतिशत की आबादी के अनुपात में भेजकर सत्ता की चाँबी अपने हाथ में ले सकता है। और राष्ट्र सेवा में अग्रणीय बन सकता है। जब 6 प्रतिशत आबादी वाले सत्ता के शिखर पर जा सकते है। तो हम 12 प्रतिशत भी अपनी राजनैतिक समझ बनाकर राजनैतिक दलों को उम्मीदवार बनाने के लिए मजबूर कर सकते हैं।

डा. धर्मसिंह सैनी ने कहा कि हमारा समाज सभी मतभेद भुलाकर समाज सेवा के साथ ही राजनैतिक करना सीखे। ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज ने बुने हुए विधायक एवं पार्षद का सम्मान किया हम आभारी है, और समाज सेवा के लिए दूसरा युवक-युवती सम्मेलन आयोजित कर विवाह का अवसर प्रदान किया है।

अतिथियों ने समाज द्वारा प्रकाशित सैनी युवक-युवती परिचय सम्मेलन स्मारिका, चौ. इन्दराज सिंह सैनी द्वारा प्रकाशित मासिक समाचार पत्र बदलाव की दुनिया महात्मा फुले दर्शन भोपाल, वनमाली उज्जैन, सैनी ब्रदर हुड दिल्ली तथा महात्मा फुले शिक्षण संस्थान दिल्ली द्वारा प्रकाशित फोल्डर का विमोचन किया।

समाज के महासचिव श्रीपाल सैनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज की गतिविधियों से अवगत कराया।

प्रमुख समाज सेवियों सर्वश्री जयभगवान सैनी, महावीर सिंह सैनी, नरेश सैनी, रमेश सैनी, श्री किशन सैनी, दयाराम सैनी, शिवराजसिंह सैनी, डा. ईश्वर दयाल सैनी, इ. आजादसिंह सैनी, खजानसिंह सैनी, अलका सैनी, मुनेश सैनी, सविता सैनी, एडवोकेट रमेश सैनी, सैनी रामनारायण चौहान, सुरेन्द्र सांखला प्रदेश अध्यक्ष म.प्र. भगवानाराम माली, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान उज्जवल श्री खण्डे प्राभारी विदर्भ महाराष्ट्र, ओ.पी. सैनी प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा, डा. पी.एन. अम्बाडकर म.प्र. राजेन्द्र कुमार सैनी हरियाणा, राजकुमार सैनी गुड़गांव हरियाणा, जे.डी. कोशल सैनी, करण सिंह सैनी उ.प्र., मिश्रीलाल सोलंकी, बुद्धसिंह सैनी राजस्थान, मोतीलाल कुशवाह गोल्फगुरू, शिवशरण कुशवाह आदि ने सम्मेलन को सक्रिय सहयोग देकर सफल बनाया।

श्री ग्यारसी लाल सैनी अध्यक्ष आयोजन समिति ने बताया कि परिचय सम्मेलन में 178 युवतियों तथा 200 युवकों का स्मारिका में बायोडाटा प्रकाशित हुआ है इसके अलावा आज भी विवाह योग्य 156 युवक-युवतियों के पंजीयन हुए हैं जिसकी अलग से स्मारिका प्रकाशित होगी। मंच पर बड़े उत्साह से प्रतिभागियों ने अपना परिचय दिया।

सी.आर. सैनी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से उपस्थित जनमानस को भाव-विभोर कर दिया।

अभिनन्दन समारोह का संचालन सुमन कुमार सैनी उपाध्यक्ष व परिचय सम्मेलन व परिचय सम्मेलन के संचालन ग्यारसी लाल सैनी ने किया। चौ. इन्दराजसिंह सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सम्मेलन की अध्यक्षता का भाषण देते हुए आभार प्रकट किया।

### माली संस्थान, जोधपुर के द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में

# शादीशुदा पुत्री की कर दी दूसरी शादी

जोधपुर 5 अक्टूबर/ सुमेर स्कूल में आयोजित सामूहिक विवाह के दौरान एक परिवार ने अपनी शादीशुदा पुत्री की शादी कुंवारे युवक से कर दी। शादी का खुलासा पूर्व पति के वकील द्वारा नोटिस मिलने पर हुआ। दो साल तक साथ रहने के दौरान इस महिला ने और उसके परिजनों ने पीड़ित को डरा धकमा कर करीब तीन लाख रूपये की राशि भी हड़प ली। सदर कोतवाली थाने में दर्ज करवाये मुकदमे में जालोरियों का बास हनुमान मंदिर के पीछे रहने वाले अर्जुनसिंह पुत्र श्यामसिंह सोलंकी ने पुलिस को बताया कि फलौदी के सेरानाड़ा इंद्रा कॉलोनी नागौर रोड निवासी राधाकिशन पुत्र गोविन्दराम माली उसके घर पर आया औरबताया कि उसकी पुत्री दीपिका उर्फ प्रकाशी उर्फ दीपकंवर की शादी उसके साथ करना चाहता है।

अर्जुनसिंह ने 7 जुलाई 2008 को सुमेर स्कूल में हुए माली समाज के सामूहिक विवाह में दीपिका के साथ शादी कर ली। शादी के दो वर्ष तक तो दीपिका उसके साथ रही। इसी दौरान दीपिका और उसके माता पिता तथा भाइयों ने उसको दहेज प्रताड़ना के आरोप में फंसाने की धमकी देकर जरूरत बताकर करीब तीन लाख रूपये की नकदी भी वसूल कर ली। इसी दौरान उसे पता लगा कि दीपिका की शादी पूर्व में 9 जून 1996 को राजेन्द्र कच्छवाहा के साथ हो रखी थी। जिसका नोटिस राजेन्द्र कच्छवाहा के वकील जगदीश भाटी ने उसको दिया। शादीशुदा को कुंआरी बताकर शादी रचाने के इस मामले में धोखा खाये अर्जुनसिंह ने आरोपी अपनी पत्नी श्रीमती दीपिका उर्फ प्रकाशी उर्फ दीपकंवर, उसके पिता राधाकिशन पुत्र गोविन्दराम, माता श्रीमती बसंती और दो भाइयों कमल व छोटू उर्फ भंवरलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया।

# मेरे बेटे को बचालो!

### पिता अमरचंद माँ सन्तोष सैनी की करुण पुकार!

अपने 3 बेटी-बेटों को खो चुके पिता अमरचंद सैनी तथा माता संतोष आज समाज की और दीन-हीन, लाचार एवं करूणा भरी दृष्टि से निहार रहे हैं। ये इन्तजार में हैं उन देवदूतों की जो आकर उनकी अन्तिम सन्तान पुत्र को बचालें।

ढाणी सिरसलावाली, तन मऊ, पं.स. श्रीमाधोपुर जिला-सीकर निवासी अमरचंद सैनी पुत्र श्री मालीराम सैनी के 3 पुत्र-पुत्रियों की मौत हाई की बीमारी 'फेमिलियल' डी.सी.एम.पी. से हो चुकी है। उसकी चौथी व अन्तिम सन्तान पुत्र 'नरेश' भी इसी भयानक बीमारी से जूझ रहा है। नई दिल्ली के अ. भा. आयुर्विज्ञान संस्थान में उसका उपचार चल रहा है। वहां के हृदय रोग विशेषज्ञों ने हार्ट ट्रांसप्लांटेशन की सलाह दी है।

अमरचन्द का परिवार 3 बच्चों की मौत तथा आर्थिक तंगी से बुरी तरह टूट चुका है। पहली समस्या तो यह है कि 'हार्ट डोनर' कहां से मिले ?फिर किसी एक्सीडेन्टेड व्यक्ति का हार्ट कबाड़ा जाये तो हार्ट ट्रांसप्लांटेशन में करीब 5 लाख रूपयों का खर्च है।

सैनी विकास समिति, श्रीमाधोपुर जिला-सीकर ने भी इस परिवार की आर्थिक सहायता की अपील की है। सैनी विकास समिति के अध्यक्ष श्री गोविन्द राम सैनी से फोन नं. 9269149870 अथवा 9460839895 पर सहायता करने के इच्छुक लोग सम्पर्क कर सकते है।

**पीड़ित परिवार की सहायता**

सीकर के नवलगढ़ रोड पर स्थित कोचिंग शिक्षण संस्थान गुरूकृपा कैरियर इन्स्टीट्यूट ने हृदय रोग से पीड़ित बालक नरेश सैनी के पिता अमरचंद सैनी को स्टाफ व छात्रों की ओर से 56 हजार रूपयों की आर्थिक सहायता प्रदान की है।

# मिशन कम्प्यूटर परीक्षा में सैनी समाज के छात्रो का दब - दबा





अजमेर। सैनी समाज कल्याण संस्था, अजमेर द्वारा संचालित कु. सुनिता मारोठिया कम्प्यूटर सेन्टर पर मिशन कम्प्यूटर केन्द्र द्वारा माह सितम्बर, 2012 में आयोजित प्रतियोगिता में सैनी समाज के छात्रो ने कम्प्यूटर शिक्षक विजय महावर के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए सैनी समाज का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में छात्रो से कम्प्यूटर के विषय से सम्बंधित सवाल पूछे गये अन्य सेन्टरो को पीछे छोडते हुए सैनी समाज के छात्रो ने 'टॉप टेन' तथा 'टॉप फाइव' में जगह बनाई ।

टॉप फाइव में प्रथम स्थान पर अंकित मालाकार, द्वितीय आकाश कच्छावा, तृतीय मोहित ढलवाल रहे। वही चौथे व पाँचवे स्थान पर दो - दो छात्र रहे । चौथे पर दीपक तथा हनी व पाँचवे पर रोहन तथा मंयक रहे । दूसरी तरफ टॉप टेन में भी छात्रो ने गोल्ड व सिल्वर मेडल जीते । गोल्ड मेडल पर इन्द्र तुंनगिरिया, रवि सिगोंदिया, मोनू ढलवाल, कुणाल गहलोत तथा सिल्वर मेडल पर लोकेन्द्र जादम, संजय, चेतन, दुष्यन्त ने कब्जा किया । सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने के कारण कम्प्यूटर शिक्षक श्री विजय महावर को मिशन कम्प्यूटर केन्द्र द्वारा 'बेस्ट टीचर' का पुरस्कार दिया गया ।

सभी विजेताओं को सैनी समाज के गणमान्य अतिथियों श्री रामनारायण जी भाटी, श्री लक्ष्मीनारायण जी सिंगोदिया, श्री रामलाल जी मारोठिया, श्री चाँदमल जी टाँक, श्री राजकुमार जी मारोठिया ने सम्मानित किया सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कम्प्यूटर शिक्षक श्री विजय महावर, कु0 भारती उबाणा व कु0 नेहा को दिया । कु0 सुनिता मारोठिया कम्प्यूटर सेन्टर पर लगभग 70 छात्र-छात्राएं कम्प्यूटर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं यहां पर नि:शुल्क कम्प्यूटर बेसिक कोर्स करवाया जाता है । समाज के युवा श्री विजय महावर, कु0 भारती उबाणा, कु0 नेहा मारोठिया, नीरज ने समाज के बच्चों को नि:शुल्क कम्प्यूटर शिक्षा दिलाने का बीड़ा उठा रखा है तथा श्री शैतान सिंह उबाणा कम्प्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर ने सेन्टर पर किसी तरह की कम्प्यूटर खराबी पर अपनी नि:शुल्क सेवाऐं दे रहे हैं । समाज के इन पांचों युवाओं का यह सराहनीय प्रयास है तथा इन युवाओं ने समाज में अनुकरणीय मिसाल पेश की है । समाज द्वारा इनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतना ही कम है तथा इन युवाओं के मेहनत त्याग व समाज के लिए कुछ करने के जज्बों से समाज में आने वाले समय में कम्प्यूटर शिक्षा के विकास में इन युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा । तथा इनसे समाज में अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी ।

## मदनलाल सैनी निर्विरोध अध्यक्ष बने

सीकर। कृषि उपज मंडी परिसर में सीकर फल सब्जी थोक विक्रेता संघ सीकर की कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को सम्पन्न हुए, जिसमें मदनलाल सैनी (आड़तिया) को सर्व सम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया।

तत्पश्चात् प्रहलाद कुल्हरि को उपाध्यक्ष, असरार अहमद को महामंत्री एवं महेश सैनी को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। निर्वाचन अधिकारी विश्वनाथ सैनी ने निर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर अभिनन्दन किया।

## सैनी को अध्यक्ष बनने पर बधाई

सकीर। फल एवं सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष पद पर मदनलाल सैनी आड़तिया के निर्विरोध चुने जाने पर अनेक सामाजिक संस्थाओं एवं लोगों ने बधाई दी है।

बधाई देने वालों में पूर्व भाजपा पार्षद प्रभु दयाल सैनी, सत्यप्रकाश सैनी, पार्षद प्रहलाद सैनी, पूर्व सरपंच श्रीमती प्रतिभा सैनी, श्रीमती राजेश्वरी सैनी, मूलचन्द सैनी, नन्दकिशोर सैनी, गिरधारी लाल सैनी, सीताराम सैनी आदि शामिल है।

सभी ने आशा व्यक्त की है कि मदनलाल सैनी व्यापारियों एवं किसानों के हित में कार्य करेंगे।

# परोपकार से बढ़कर कोई कार्य नहीं

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी हैं। वह अपनी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए रात-दिन एक करके अपनी आवश्यकताओं को पूर्ण करने की कोशिश करता है। आवश्यकताएं अनन्त होती हैं। सारी आवश्यकताएं पूर्ण करना भी संभव नहीं हैं। फिर भी कोशिश करके एक अच्छा मकान बना लेता हैं, जमीन प्लॉट खरीद लेता हैं, गाड़ी कार खरीद लेता हैं, गहने बना लेता हैं, कुछ रूपये भी कमा लेता है फिर भी उनकी आवश्यकताऐं पूर्ण नहीं होती हैं। ऐसे करते-करते अपनी आयु पूर्ण करके एक दिन वह व्यक्ति चला जाता हैं।

प्रकृति का नियम है, जो चीज प्रकृति में बनी हैं उन सभी की अपनी-अपनी आयु होती हैं। किसी की कम तो किसी की अधिक जैसे जीव-जन्तु, पेड़-पौधों, पहाड़ों-चट्टानों या अन्य कोई भी चीज क्यों न हो सबकी अलग-अलग आयु होती है। आयु पूर्ण होने पर मनुष्य जीव-जन्तु, पेड़-पौधे, पहाड़-चट्टानें और अन्य चीजें सारी की सारी चली जाती है अर्थात् नष्ट हो जाती है। मनुष्य भी भागम-भाग की जिन्दगी पूर्ण करके चला जाता है। मकान, जमीन, जायदाद, कार-गाड़ी, गहने, रूपये पैसे सभी चीजें पिछे ही रह जाती हैं। उनके साथ में कुछ भी नहीं चलता। अगर हाथ के कोई धागा बंधा रह जाता है उसको भी तोड़कर ले लिया जाता हैं। उसके चले जाने के बाद उनको कोई याद तक नहीं करता, क्योंकि उसने जिन्दगी भर दूसरों की भलाई या सेवा के लिए कुछ भी नहीं किया।

अपना-अपना तो सभी करते है। जीव, जन्तु, पशु-पक्षी, किड़े-मकौड़े आदि सभी अपना पेट भर ही लेते हैं। भूखे नहीं रहते हैं। लेकिन मनुष्य अन्य जीवों से भिन्न है। भगवान ने मनुष्य को तेज बुद्धि व शुद्ध वाणी दी है, इसके बल पर मनुष्य असंभव कार्य को भी संभव कर देता है। अगर इस अमूल्य मानव जीवन में परोपकार का कार्य नहीं किया तो मानव जीवन व्यर्थ चला जायेगा। मनुष्य जीवन वापस नहीं मिलेगा।

परोपकार केवल रूपयों-पैसों से ही नहीं होता। समय और सेवा के द्वारा भी परोपकार किया जा सकता है। मेरा तो मानना है कि अपनी गाढ़ी कमाई का कुछ भाग, अपने जीवन का कुछ समय, अपने कार्य का कुछ काम, अपनी वाणी के कुछ शब्द, अपनी भाषा के कुछ लव्ज परोपकार में अवश्य लगावें, जिससे आने वाली पिढ़ियां हमें याद करेंगी कि फलार व्यक्ति ऐसा था, उसने फला फला परोपकार के कार्य किये थे।

आज अपन कई-कई लोगों को याद करते है, जैसे महात्मा गांधी, भरतसिंह, सुभाषचन्द्र बोस, इन्दिरा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, मोहनलाल, सुखाड़िया, ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले, संत लिखमीदासजी आदि अनेकों लोगों का नाम इतिहास के पन्नों में पढ़ने को मिलते है। क्योंकि उन्होंने स्वार्थ के बजाय परोपकार के लिए कई अच्छे कार्य किये थे। इसलिए उनको याद करते हैं और आने वाली पिढ़ियां भी उन्हें याद करेंगी।

अन्त में मेरा अनुरोध है कि संसार में कोई चीज अमर नहीं है। सभी चीजें अमर नहीं है। सभी चीजें व जीव-जन्तु नाशवान है। सभी अपनी अपनी आयु पूर्ण करके नष्ट हो जाते है। अगर कोई चीज अमर है तो वह है नाम। नाम कमाने के जरूरी है परोपकार अगरी कोई व्यक्ति परोपकर्मी है तो वह अपने परोपकार के बल पर केवल-केवल छोड़ जाता है अपना नाम नाम कमाने के लिए छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। कहते है। छोटी-छोटी बातों से व्यक्ति महान बनता है। जैसे भूखे को भोजन देना, पात्र को दान देना, बिमार का ईलाज करवाना, अपाहिज सेवा करना, अंधो की सेवा करना, बूढ़ों की मदद करना, अपनी कमाई का कुछ भाग छात्रावाय, धर्मशाला, प्याऊ, विश्राम गृह, आदि पर खर्च करना, पशु-पक्षियों की सेवा करना, गरीब और पिछड़े बालकों को शिक्षित करना आदि कार्य परोपकार के है। परोपकार बने उपकारी बने।

**जवाराराम परमार (अध्यक्ष)**
ज्योतिबा फूले शिक्षा प्रचार, संस्थान, सांचोर

# भोपाल में स्व. रामजी महाजन की 13वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

शाजापुर (म.प्र.) 28 अगस्त 2012, को संयुक्त माली सैनी मटार समाज द्वारा महात्मा फुले मंदिर, राजीव गांधी चौक भोपाल मैं युगपुरूष स्वर्गीय श्री रामजी महाजन की 13वीं पुण्यतिथि हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री महेन्द्र हार्डिया, राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं तकनीकी शिक्षा म.प्र. भोपाल थे। उन्होंने अपने उद्बोधन मैं कहा कि ऐसे सामाजिक लोगों का सम्मान करना चाहिए जिन्होंने समाज के उत्थान के लिये त्याग किया हो, साथ ही समाजजनों को महात्मा फुले की शिक्षा निती का पालन करते हुए प्रसार करना चाहिए। मुख्यवक्ता माननीय प्राचार्य अरविन्द माली, प्रचारक फुले शाहु, अम्बेडकर, विचार मंच नागपू (महा.) ने माली समाज की उत्पति, शाखाओं में विमोजित होने व महात्मा जोतीराव फुले द्वारा माली समाज व पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिये किये गये कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर माननीय अरूण पंवार अध्यक्ष महात्मा फुले शिक्षण संस्था, नागपुर मान सरदारसिंह, अध्यक्ष विकप, मा. नारायणसिंह कुशवाह, अध्यक्ष कुशवाह समाज इन्दौर, मान काशीनठि महाजन, जनपद अध्यक्ष बुरहानपुर, श्रीमति आशा मौर्य, पूर्व महापौर, रतलाम, मान श्री जगदीश सैनी, प्रान्तअध्यक्ष ऑल इंडिया सैनी सीमा दिल्ली, आदि अनेकों महानुभावों ने उपस्थित होकर अपने-अपने विचार कहें।

इस अवसर पर संयुक्त माली सैनी मरार समाज द्वारा समाज की प्रतिभाओं, पत्रकार, प्रशासकीय अधिकारी, एडवोकेट, शिक्षिका, उद्योगपति का सम्मान प्रतिक चिन्ह व शाल प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त माली सैनी मराट समाज के अध्यक्ष डा. पी.एन. अम्बेडकर ने की व संचालन उपाध्यक्ष एवं संयोजक रामनारायण चौहान ने किया। इस कार्यक्रम मैं श्री जी.पी. माली, गजानन्द भाटी, अविनाश फसाटे, श्रीमती मीना मावर, डॉ. धाया रमेश सैनी, अशोक सैनी, जगदीश सोलंकी, सतीश कुमार सैनी, सुनील अचारकाटे, पी.एन. डंडारे, डा. प्रेमलता सैनी सहित म.प्र. व अन्य प्रदेशों के समाजजन, महात्मा फुले दर्शन पत्रिका के संरक्षक मंडल, परामर्शदाता, ब्यूरो प्रमुख एवम् शाजापुर से ऑल इंडिया सैनी सभा, जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जिलाउपाध्यक्ष दिलीप परमार अपने साथियों सहित उपस्थित थे।

# शिक्षादान की अभिनव योजना

## सदस्यता का दूसरा चरण

नागपुर/ 7-8 अक्टूबर 2012 महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकराव लिंगे की अध्यक्षता में एम.एल.ए. निवास सभाग्रह में हुई, जिसमें संस्थान की गतिविधियों पर रामनारायण चौहान महासचिव ने प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा ने बताया कि "शिक्षादान की अभिनव योजना" हेतु गुजरात, राजस्थान, म.प्र. उतरांचल, महाराष्ट्र एवं हि.प्रा. में गुरूकुल खोलने हेतु भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव हैं। गुजरात में 2,500 एकड़ भूमि के रकबा का पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया तथा शीघ्र ही भूमि लेने का प्रयास है। श्रीपाल सैनी उपाध्यक्ष ने कहा संस्थान के 10,000 आजीवन सदस्य प्रथम चरण में बनाने के लक्ष्य को विभिन्न राज्यों से समर्थन मिल रहा है। लक्ष्य पूरा होने पर भूमि का चयन अन्तिम रूप से किया जाएगा। सचिव सुकुमार पेटूकूले ने बताया कि संस्थान की "शिक्षादान की अभिनव योजना" विश्व की प्रथम निःशुल्क शिक्षा योजना है। इसमें समाज के लोगों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार सक्रिय योगदान करना है।

इस अवसर पर हैदराबाद, बालाघाट, आदिलाबाद, नुवापाड़ा, गौवा, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ से आए प्रतिनिधियों ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की, तथा अपने यहाँ अधिक से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य बनाया।

बैठक में श्रीचन्द सैनी उ.प्र. हेमन्त सैनी हरियाणा, डॉ. पी.एन. अम्बाडकर म.प्र., रामचन्द्र पंवार, ज्ञानेश्वर गोबरे महाराष्ट्र, श्रीपाल सैनी दिल्ली, रामलाल कच्छावा राजस्थान, अनुदराम पटेल उड़ीसा, हरिश पटेल छत्तीसगढ़, सुरेश गुरूनुले आन्ध्रप्रदेश आदि ने अपने-अपने राज्यों की प्रगति से अवगत कराया।

अमरावती/ 9.10.2012 खारकर पैलेस में महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान की बैठक गणेश खारकर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संस्थान के अध्यक्ष शंकराव लिंगे, महासचिव रामनारायण चौहान, कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा ने "शिक्षादान की अभिनव योजना" में शामिल होने के लिए आजीवन सदस्यता लेने हेतु आवाहन किया। प्रा. श्री कृष्ण बंसोड़, भाऊ साहेब पेंठे, हरिहर दातेराव, नन्दकुमार भेले, श्रीमति नीनाताई बकाले, श्रीमती मंगला ताई चांदूरकर, श्रीमती नीलीमा ताई उमप, श्रीमति वर्षा ताई भुसारी, श्रीकृष्ण माहोरे, रूपेश बोवड़े, श्रीमति सोनाली अम्बाडकर और बंबन राव पाटिल आदि ने संस्थान की "शिक्षादान की अभिनव योजना" में अमारावती जिले से अधिकांश सदस्य बनाने का संकल्प लिया संचालन श्री गुणवन्त भीमराउत ने किया।

अकोला/ 09.10.2012 संस्थान के पदाधिकारियों के अतिथय में आमदार निवास सभाकक्ष में सुभाष सातव की अध्यक्षता में सभा हुई जिसमें शंकराव लिंगे ने "शिक्षादान की अभिनव योजना" की जानकारी दी और आजीवन सदस्य बनने की अपील की। सर्वश्री विट्ठल तायड़े, डॉ. विनोद पाटिल, श्रीमति भारती सेन्डे, सुरेश गुगले, राजेश उमाले, एन.एस. बहादुरे, मोनिका ताई राउत, सुमित्रा निखाड़े, दिलीप दाते, सविता बन्ड, कल्पना तायड़े, जयश्री सातव, संगीता उमाले, महेश गणगणे एवं मानिकराव भड़ ने जिले में सदस्यता अभियान गांव-गांव जा कर चलाने का संकल्प लिया। राजेश जावरकर ने आभार प्रगट किया।

हिन्गोली/ 10.10.2012 "शिक्षादान की अभिनव योजना के लिए हिन्गोला के रेस्ट हाउस में चन्दू शंकरराव लव्हाले की अध्यक्षता में सभा हुई संस्थान के कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा ने आजीवन सदस्यता अभियान में शामिल होने के अव्हान किया। सर्वश्री चन्द्रकांत वाघ, बालाजी वानखेड़े, राजू जाधव, गजानन्न सोनूने, विजय सातव, कृष्ण भोले, पांडूरंग, चोपड़े, अमोल गुंजकर, संतोष नारायण पोपलघाट एवं बालाजी पारसकर ने हिंगोली जिले में संस्थान के आजीवन सदस्य अधिकारिक बनाने का संकल्प किया।

यवतमाल/ 10.10.2012 महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान की मीटिंग एडवोकेट राजेन्द्र महाडोले के सभाकक्ष में हुई अध्यक्षता अशोकराव तीखे ने की। संस्थान के अध्यक्ष शंकराव लिंगे, कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा, महासचिव रामनारायण चौहान ने "शिक्षादान की अभिनव योजना" की गतिविधियों की जानकारी दी। ज्ञानेश्वर गोबरे, प्रा. काशीनाथ लाहेरे, दिलीप वेलसरे, मधुकर राव उड़ाके, मायाताई गोबरे, अपूर्वा सोनार, अर्चना काथेले, वर्षा नेहरे, सुचिता लोखंडे, मीना चांवाले, मनोज गोरे, विट्ठल जलातोड़े, किशोर कावलकर, प्रदीप चोपड़े ने संस्थान की शिक्षा योजना को पूरा करने हेतु जिले में सदस्यता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

नांदेड़/ 11.10.2012 हनुमान मन्दिर में गणपत बाबाराव राउत की अध्यक्षता में सभा हुई। रामचन्द्र राउत ने संस्थान के पदाधिकारियों का शाल पहनाकर स्वागत किया। अखिल भारतीय माली महासंघ के अध्यक्ष शंकरराव लिंगे ने "शिक्षादान की अभिनव योजना" में आजीवन सदस्य बनने का आव्हान किया, ओमप्रकाश सातव, अश्विन राव माटे, ज्ञानोबा शिंदे, माधोराव माटे, सो. वन्दना गुंजकर, सौ. वैशाली गुंजकर, राजेश गोरे, पांवले मारूतिराव, रासेरामचन्द्र, माणिकराव राउत, ने जिले में आजीवन सदस्यता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

उस्मानाबाद/ 11.10.2012 श्री चन्द्रकांत माली की अध्यक्षता में आयोजित सभा के अतिथि शंकरराव लिंगे, रामलाल कच्छावा, रामनारायण चौहान ने महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण किया। गौतम क्षीर सागर जिला अध्यक्ष ने अतिथि का शाल पहनाकर स्वागत किया, बालभीम भोजने, शंकर गोरे, विद्यासागर यादव, गंजानन्द वाघमारे, विश्वनाथ मुले ने अखिल भारतीय माली समाज जिला इकाई की ओर से संस्थान की आजीवन सदस्यता के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया। सोउर्मिला राउत का सम्मान किया। राजेन्द्र गोरे ने आभार प्रगट किया। संस्थान के "शिक्षादान की अभिनव योजना" पर महाराष्ट्र में मिले भारी जन समर्थन के लिए अखिल भारतीय माली महासंघ के पदाधिकारियों का संस्थान के कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा ने धन्यवाद दिया। महाराष्ट्र की लगभग 1800 कि.मी. यात्रा के दौरान जयसिंह लिंगे का सार्थी के रूप में सराहनीय योगदान रहा।

# प्रतिभाओं को किया सम्मान, शिक्षा पर दिया जोर

## सांचौर में माली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

सांचौर । माली युवा संगठन सांचौर के तत्वाधान मे माली समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार 25 सितम्बर को नेशनल हाईवे स्थित माली समाज छात्रावास मे किय गया । समारोह में समाज की प्रतिभाओ का सम्मान करते हुए वक्ताओ ने कहा की प्रतिभाओ का सम्मान करते हुए वक्ताओ ने कहा कि जब तक शिक्षा को लेकर जागरूकता नही आयेगी । तब तक विकास के सही मायने भी हासिल नही किये जा सकते । वक्ताओं ने बालिका शिक्षा पर जोर दिया और कहा कि यदि बेटी को पढायेगे तो ना केवल हमारा समाज बल्कि पूरा देश खुशहाजल होगा और विकास करेगा ।,

कार्यक्रम की शुरूआत दियोदर के विधायक अनिल भाई, अतिरिक्त जिला कलेक्टर चुन्नीलाल सैनी, आरएएस शैलेन्द्र देवडा के मुख्य आतिथ्य, माली समाज के प्रदेशाध्यक्ष भगवानाराम सुन्देशा की अध्यक्षता तथा व्याख्याता मुकेश सोलंकी जिला उपाध्यक्ष अमराराम परमार व भूपाराम परिहार के विशिष्ट आतिथ्य में हुई । कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर व सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ । जिसके बाद अतिथियो का बहुमान किया गया । समारोह को संबोधित करते हुए गुजरात राज्य के दियोदर विधायक अनिल भाई ने का कि शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं हैं उन्होने कहा कि शिक्षित समाज ही विकास की सही राह पर चल सकता है । उन्होने युवाओं को समाज के विकास के लिए आगें आने की अपील की। अतिरिक्त कलेक्टर चुन्नीलाल सैनी ने बालिका शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बालिकाओं के लिए नौकरी में 33 प्रतिशत का आरक्षण है । जिसका उन्हें फायदा उठाकर आगे बढ़ना चाहिए । उन्होंने समाज के लोगो को बालिका शिक्षा को बढाया देने की अपील की । साथ ही कहा कि बालिकाओं को अधिकाधिक विद्यालय भेजकर शिक्षा में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाए ।

उन्होने कहा कि समाज मे बाल विवाह के प्रचलन से प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर नहीं मिल पाता है । आरएएस शैलेन्द्र देवडा ने कहा कि समाज मे प्रतिभाओं की कोई कभी नहीं है । केवल उन्हें आगे बढने का अवसर देने की जरूरत है । उन्होने समाज के विकास के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही । समारोह की अध्यक्षता कर रहे ऑल इंडिया माली समाज के प्रदेशाध्यक्ष भगवानाराम सुन्देशा ने समाज के विकास के शिक्षित वर्ग से सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही ।

इस अवसर पर मुकेश सोलंकी, अमराराम परमार, दयाराम परमार, जवाराराम परमार, सांवलाराम परमार, रूपााराम गहलोत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पुरूषोतम सोलंकी, गंगाराम परमार, भगवानाराम, मिश्राराम, मफाराम, पीराराम, बाबुलाल, भरत भाई, पीपी गहलोत, विनोद गढ़वाल, शंकरलाल परमार, खेताराम माली, नानजीराम माली, पूर्व प्रधान भुरी देवी, पंचायम समिति सदस्य सुआदेवी व जीयर देवी सहित बडी संख्या मे समाज के लोग मौजूद थे ।

**रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति :** कार्यक्रम के दौरान समाज के युवाओं और बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी । इस दौरान माहत्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान के जिलाध्यक्ष पद पर नानजीराम गहलोत को प्रदेशाध्यक्ष मांगीलालन पंवार ने मनोनीत किया गया ।

**मैडल से किया सम्मानित :** कार्यक्रम मे कुल 350 प्रतिभाओ का सम्मान किय गया । शिक्षा के क्षेत्र की 51 प्रतिभाओ को चांदी का मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जबकि शेष प्रतिभाओ को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिंह, प्रदान किया गया । समारोह में रिडमलराम द्वारा प्रतिभाओं को चांदी के सिक्के प्रदान किए गए । इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष गंगाराम परमार ने क्षेत्र के माली समाज के हर व्यक्ति के घर में संत लिखमीदास महाराज की तस्वीर पंहुचाने की घोषणा की । कार्यक्रम के दौरन बडी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थी ।

## जयदेव कच्छावा तीसरी बार अध्यक्ष नियुक्त

राजसमंद । फूलमाली समाज कांकरोली के सदस्यों की वार्षिक बैठक 23 सितम्बर को निवर्तमान अध्यक्ष जयदेव कच्छावा की अध्यक्षता में चौमुखा महादेव मंदिर परिसर पर सांयकाल सम्पन्न हुई । वार्षिक बैठक में निवर्तमान लेखाकार बृजेश कच्छावा ने सन् 2012-2013 के लिए नवीन कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ ।

वर्ष 2012-2013 की नवीन कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर पुन: तीसरी बार एडवोकेट जयदेव कच्छावा को चुना गया । नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर श्यामलाल गहलोत, सचिव हजारीलाल गहलोत, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर गहलोत, लेखाकार बृजेश कच्छावा सर्वसम्मति से उक्त पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया गया बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्य जयकिशन माली, मांगीलाल गहलोत, रतनलाल कच्छावा, जगदीशचंद्र माली, कमल कांत कच्छावा, हरिकांत गहलोत, भंवरलाल गहलोत, पुरूषोत्तम गहलोत आदि सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। बैठक के पश्चात समाज के सभी सदस्यों का सामूहिक भोज रखा गया। स्नेह भोज के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट जयदेव कच्छावा ने पुन: अध्यक्ष पद पर मनोनयन करने पर सबका आभार व्यक्त किया।

**खरी-खरी**

## माली संस्थान अध्यक्ष है दशहरा महोत्सव के संयोजक

# नगर निगम के मेले में घाटा बता लाखों का किया गड़बड़जाला

## दो साल में 60 लाख कमाई फिर भी रामलीला में आंच आई

माली संस्थान, जोधपुर अध्यक्ष के कार्यकाल में हुई अनियमितताओं व कार्यप्रणाली के बारे में माली सैनी संदेश ने आपको जानकारी दी है। अब श्रीमान अध्यक्ष महोदय ने तो हद ही पार कर दी उन्होंने नगर निगम जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में पिछले कुछ वर्षो से हो रही रामलीला व दशहरा महोत्सव के संयोजक बन कर आयोजन किए जिनमें पिछले दो वर्षो से उनके सानिध्य वाली संस्था ने नगर निगम को मेला आयोजन में घाटा बता कर रामलीला के आयोजन से हाथ खींच लिए लेकिन वास्तव में 60 लाख की कमाई की।

दैनिक समाचार पत्रों (दैनिक भास्कर एवं राजस्थान पत्रिका) के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि नगर निगम ने तीन साल पहले शहर की एक निजी संस्थान (मरूधरा इंडस्ट्रीज एसोसियेशन) के साथ मिलकर दस दिवसीय दशहरा महोत्सव मनाने की परंपरा शुरू की थी (ज्ञात रहे इस महोत्सव के संयोजक माली संस्थान अध्यक्ष ही बनते आ रहे है)।

रामलीला इस मेले का प्रमुख आकर्षण का केंद्र बन गई थी। लोगों के जुड़ाव के साथ कमाई भी निगम की पहली प्राथमिकता थी, लेकिन निगम तब ठगा सा रह गया जब आयोजक संस्था मरूधरा इंडस्ट्रीज ऐसोसिएशन(एमआईए) ने घाटे की बात कहते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए।

पहले तो एमआईए ने नगर निगम को दो साल से हिसाब-किताब ही नहीं दिया। जब दैनिक समाचार पत्र (दैनिक भास्कर) ने मामले की पड़ताल की तो सामने आया कि दशहरा महोत्सव में लाखों की कमाई का गणित है। दो साल में सारे खर्चे निकाल कर करीब 60 लाख रूपए की कमाई का अनुमान है लेकिन नगर निगम के हाथ धेला भी नहीं आया। एमआईए पिछले साल 11 लाख रूपए घाटे की बात कह रहा है, लेकिन अहम सवाल यह है कि जब घाटा हुआ तो यह संस्था मेले के दौरान लगने वाली स्टॉलों का मोह क्यों नहीं छोड़ पा रही ?

निगम समिति अध्यक्षा कांग्रेस पार्षदा श्रीमती शुभलक्ष्मी का कहना है कि एमआईए दो साल से निगम के साथ मिलकर दशहरा महोत्सव का आयोजन कर रहा है, लेकिन उन्हें बताया गया कि मेले के लिए पर्यटन विभाग, हस्तशिल्प कला केन्द्र, संगीत नाटक अकादमी से भी लाखों रूपयों का अनुदान उठाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि अनुदान में मिले पैसे किसके खाते में गए ? शहर के गणमान्य लोगों के रामलीला के आयोजन को हर सूरत में जारी रखने की वकालात के बाद जनकल्याण मेला उत्सव समिति सदस्यों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की है। समिति ने लिखा है कि रामलीला के अयोजन की परंपरा को बंद करना उचित नहीं है, यह जोधपुर नगर निगम एवं शहर के लोगों के लिए खेद का विषय है कि भगवान श्री राम के कार्यक्रम को भी अब निजी संस्था व्यवसायीकरण कर रही हैं

माली सैनी संदेश ने पूर्व में भी अनेकों बार आगाह करते हुए बताया था कि माली संस्थान अध्यक्ष अपने 10 वर्षो के कार्यकाल में अनेकों अनियमितताएं कर चुके है हमने उनको अनेकों आयोजनों एवं संस्थान में हुए विकास कार्यो में दानदाताओं के द्वारा प्रदान किए गए आर्थिक सहयोग एवं व्यय की जानकारी प्राप्त करने के लिए पत्र व्यवहार भी किया लेकिन माली संस्थान अध्यक्ष ने अभी तक किसी भी प्रकार की न तो जानकारी हमें प्रदान की न ही अपने कार्यकाल में हुए कार्यो का पूरा विस्तृत हिसाब किताब माली संस्थान के आजीवन सदस्यों को उपलब्ध करवाया।

इससे यही ज्ञात होता है कि इन्होंने माली संस्थान में हुए विकास एवं अन्य कार्यो में भी भारी अनियमितताएं की है नहीं तो हमारी द्वारा अनेकों बार मांगी गई जानकारियों को देने में माली संस्थान अध्यक्ष को ऐतराज क्यों है ?

**ज्ञात रहे माली संस्थान द्वारा प्रकाशित माली सैनी दर्पण ग्रंथ में भी पृष्ठ संख्या 647 को उस किताब से प्रकाशन के बाद फड़वा दिया गया। इससे पता चलता है कि माली संस्थान अध्यक्ष समाज के दानदाताओं के साथ कैसा व्यवहार कर रहे है। यह जानकारी में ग्रंथ के विषय सूची से प्राप्त हुई जिसके अनुसार पृष्ठ सं. 647 पर दानदाताओं की सूची का प्रकाशन लिखा है। लेकिन यह पृष्ठ सभी किताबों से नदारद है क्यों ?**

**इससे पता चलता है कि न जाने कितनी अनियमितताएं माली संस्थान अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में की है? जिसकी जांच की मांग हम पहले भी कर चुके है उनके कार्यकलापों से हमारे द्वारा उनके ऊपर लगाए गए आरोपों की सच्चाई साबित होती है। हम आज भी इनके कार्यकाल में हुई अनियमितताओं की जांच की मांग कर रहे है इससे पहले की माली संस्थान अध्यक्ष महोदय इनको नष्ट (खुर्द-बुर्द) कर दे।**

# माली सैनी समाज में लगने वाले गोत्र (उपनाम)

स्वजातिय बन्धुओं के लिए अलग-अलग राज्यों राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र से गोत्र संकलन करके लिखे गए है जो कि अपने माली (सैनी) समाज से सम्बन्ध व रिश्तों में जुड़े हुए है।

➡ **माली (सैनी) समाज में लगने वाले गोत्र (उपनाम) की संख्या 596 जो ज्ञात है**

➡ माली (सैनी) समाज परिवारों में गोत्र (उपनाम) में इनके नख्चा (खाप) है।

- 66 गोत्र के साथ चौहान लगाते है।
- 11 गोत्र के साथ टांक लगाते है
- 10 नख (खाप) महावर गोत्र में लगते है।
- 7 नख (खाप) भाटी गोत्र में लगते है।
- 5 नख (खाप) जादम गोत्र में लगते है।
- 5 नख (खाप) गेहलोत गोत्र में लगते है।
- 5 नख (खाप) तंवर गोत्र में लगते है।
- 4 नख (खाप) गेहलोत गोत्र में लगते है।3
- 4 नख (खाप) कच्छावा गोत्र में लगते है।
- 3 नख (खाप) सोलंकी गोत्र में लगते है।

यह विवरण गोत्र (उपनाम) की सूची में नख (खाप) प्रकाशित है कृपया सूची देखें।

| क्र.सं. | गोत्र (उपनाम) | क्र.सं. | गोत्र (उपनाम) | क्र.सं. | गोत्र (उपनाम) | क्र.सं. | गोत्र (उपनाम) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 418 | खरे | 444 | मुरार | 470 | नीम करोड़ीवाल | 496 | पिपलोदिया |
| 419 | खुरिया | 445 | मलाल | 471 | नागरा | 497 | पंथ |
| 420 | खैरनार | 446 | मोराका (मावर) | 472 | नेनदा (चौहान) | 498 | पंचेश्वर |
| 421 | खंडोलिया (चौहान) | 447 | मलका (मावर) | 473 | नागेश्वर | 499 | पुष्पाकर |
| 422 | लिलोरिया (चौहान) | 448 | मोरिया (महावर) | 474 | नवले (पाँवर) | 500 | रोलावर |
| 423 | लाढा | 449 | मोहर | 475 | निकुभ्य | 501 | रोली (भाटी) |
| 424 | लुखेसरया | 450 | माडरोजिया | 476 | पीतलया | 502 | राहोल्या |
| 425 | लुदरेचा (सोलंकी) | 451 | मण्डावरा | 477 | प्रतिहार | 503 | रोलिया |
| 426 | लन्धा (सोलंकी) | 452 | मारवाड़ा | 478 | पभीवार | 504 | राक्शीया |
| 427 | लासेया (सोलंकी) | 453 | मानोजिया | 479 | पीलोदिया | 505 | राजोरा |
| 428 | मंगले | 454 | मोडक्या | 480 | पारोता | 506 | रामी |
| 429 | मालधुटे | 455 | मूमिया | 481 | पापडिया (चौहान) | 507 | रोलावल |
| 430 | माहुर | 456 | मायावर | 482 | पवन कटारिया | 508 | रेसवाल |
| 431 | मुडेरवाल | 457 | मोहरवाल | 483 | पडीहार | 509 | रोलावण |
| 432 | मोरणा | 458 | मण्डोरा | 484 | पीलकुआं | 510 | रावल |
| 433 | मकड़ाणा (चौहान) | 459 | मालाकार | 485 | पुवाड़ | 511 | रेटवाल |
| 434 | मंडोवरा (चौहान) | 460 | मेहतवाल | 486 | प्लास्य | 512 | रावनिया |
| 435 | मनावस्या (चौहान) | 461 | मोड | 487 | परनामी | 513 | रायवाल |
| 436 | मढ (चौहान) | 462 | मनबाई | 488 | पाथरान | 514 | राउत |
| 437 | मक्तावर (चौहान) | 463 | मेजवरा | 489 | परमार (पंवार) | 515 | राजपाल |
| 438 | मुघरवा (चौहान) | 464 | मरढे | 490 | पाथर | 516 | रोमजुज |
| 439 | माने | 465 | मामा | 491 | पुजारालिबपत (महावर) | 517 | रेगलेदेशे |
| 440 | मरघडे | 466 | मोहरी | 492 | पणिहार | 518 | रेड्डी |
| 441 | महाजन | 467 | मकवाना (झाला) | 493 | पोटे | 519 | सगरबंशी |
| 442 | माली | 468 | निमोरिया | 494 | पालीवाल | 520 | सैधव |
| 443 | मोरी | 469 | नांनबा | 495 | पंजुरिया | 521 | सेंवरिया (चौहान) |

शेष अगले अंक में....

एक पाती ऐसी भी

## माली संस्थान, जोधपुर द्वारा छात्रवृति में भेदभाव

मैं पत्र के माध्यम से आपको समाज के उस पहलु को बताना चाहता हूं जो हाल ही में माली संस्थान जोधपुर द्वारा उठाया गया है। यदि आपकों यह बात आपको सही लगे तथा समाज हित व प्रोत्साहन की लगे तो अपनी पत्रिका में स्थान देने का कष्ट करें।

हर वर्ष समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को माली संस्थान जोधपुर द्वारा उचित छात्रवृति प्रदान की जाती है तथा पदक इत्यादि देकर सम्मानित भी किया जाता है। इसे छात्रवृत्ति में शिक्षा का हर क्षेत्र सम्मिलित है सिवाय बी.एड. को छोड़कर। 10वीं 12वीं से लेकर यूपी.पीजी. वर्ग तथा अन्य क्षेत्रों में प्रमुतया छात्रवृति प्रदान की जाती है। अत: मैं आपकों इस पत्र के माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि आप अपनी पत्रिका द्वारा समाज के मुख्याओं को पूछे कि बी.एडत्र वालों की अनदेखी क्यों होती है। जबकि बी.एड. करने में एक विद्यार्थी को 22429 बी.एड. फीस के अलावा वर्षभर प्रशिक्षण लेना पड़ता है। जिसमें 20-25 हजार खर्चा आ जाता है। कुल मिलाकर 50,000 के आस-पास बी.एड. की डिग्री मिलती है। मेरे जैसे कई समाज के बन्धु बी. एड. छात्रवृत्ति हेतु फार्म लेने संस्थान में गये तो उन्होंने बी.एड.की छात्रवृत्ति नहीं मिलती तथा इसमें प्रायोगिक के अंक फोकट में दिये जाते है, ऐसा कहकर हमें वहां से टरका दिया। जबकि बी.एड. में प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक अलग करने पर भी यदि विद्यार्थी 60% से अधिक प्राप्त करता है तो उसे छात्रवृत्ति मिलनी चाहिए।

**भवदीय गणपत सोलंकी, श्रीराम कॉलोनी, तिंवरी, मो. : 9929068110**

## गजेन्द्र माली राज्य मेरिट में प्रथम

नीम का थाना (सीकर) स्थानीय अरावली पोलिटेक्निक कॉलेज के छात्र गजेन्द्र माली ने टेक्नीकल बोर्ड जोधपुर के 3 वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स 2011 की हाल ही में घोषित राज्य स्तरीय मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मैकेनिकल ब्रांच में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र गजेन्द्र माली पुत्र श्री रतनलाल माली को हार्दिक बधाई।

# वि वि ध

## श्री चौहान, रामी, भाटी सांखला नागेश्वर व सैनी का सम्मान होने पर बधाई

शाहापुर (म.प्र.) संयुक्त माली सैनी मरार समाज के तत्वाधान में युगपुरूष स्व. श्री रामजी महाजन की 13वीं पुण्यतिथि महात्मा फुले मंदिर, राजीव गांधी चौराहा, भोपाल मैं 28 अगस्त 2012 को मुख्य अतिथि माननीय श्री महेन्द्र हार्डिया, राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं तकनीकी शिक्षा म.प्र. भोपाल व अन्य विशेष अतिथियों की उपस्थिति में हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्री यादवलाल चौहान, प्रदेश अध्यक्ष श्री गुजराती रामी (इंदौर), श्री गजानन्द रामी प्रधान संपादक मासिक वनमाली (उज्जैन), श्री किशोर कुमार भाटी राष्ट्रपति प्रसंस्कार प्राप्त (उज्जैन), श्री लक्ष्मी नागेश्वर (बालाघाट), श्री कालूरामजी सांखला अहमदाबाद (गुजरात) एवम् हेमन्त सैनी प्रधान संपादक मासिक सैनी मंच, रेवाड़ी (हरियाणा), महात्मा जोतीराव फुले सम्मान 2012 से सम्मानित किया गया। सभी सम्मानितजनों को शाजापुर ऑल इंडिया सैनी सभा के जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा, जिला अध्यक्ष दिलीप परमार ने भोपाल पहुंचकर बधाई दी।

## सुमन सैनी बनेगी एस.आई.

चुरू/ सुश्री सुमन गढवाला पुत्री श्री सांवरमल गढवाल, भूतिया बास का चयन भारतीय औद्योगिक सुरक्षा बल में हो चुका है। भारतीय हवाई अड्डों की सुरक्षा के लिए सुमन का 52 सप्ताहों का प्रशिक्षण कन्याकुमारी में चल रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत सुमन को भारत के किसी भी हवाई अड्डे पर सुरक्षा के लिए एस.आई. लगाया जायेगा। शेखावटी के सैनी समाज में किसी महिला का एस.आई. बनने का संभवत: प्रथम अवसर है। यद्यपि किशनगढ़ (अजमेर) की सुश्री रेणु सैनी सी.आई. (आबकारी) रह चुकी है तथा वर्तमान में वे आर.ए. एस. अधिकारी हैं।

## हरियाणा सरकार द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले अवार्ड की घोषणा

शाजापुर (म.प्र.) हरियाणा सरकार ने माली समाज एवं पिछड़ा वर्ग के मसीहा- महात्मा ज्योतिबा फूले के नाम से "लाइफ टाईम अचिवमेन्ट अवार्ड" प्रति वर्ष देने की घोषणा की है, इस घोषणा पर हरियाणा प्रदेश के साथ ही भारत के सभी प्रदेशों के माली समाज एवम् पिछड़ा वर्गो के लोगों में हर्ष व्याप्त है। यह अवार्ड उन सीनियर सिटीजन को दिया जायेगा जिन्होंने समाज उत्थान में अहम योगदान देकर एक नई मिसाल पेश की हो।

हरियाणा प्रदेश के एवम् चंडीगढ़ सैनी समाज के साथ ही सैनी एज्यूकेशन सोसायटी के प्रधान श्री विजयजी सैनी तथ्र सत्यशोधक समाज के युवा अध्यक्ष महंत श्री सागरनाथ महाराज के अथक प्रयासों के फलस्वरूप यह सफलता समाजजनों को प्राप्त हो सकी है। शाजापुर (म.प्र.) से अशोक वर्मा, जिलाध्यक्ष ऑल इंडिया सैनी सभा द्वारा इस घोषणा पर हरियाणा के मुख्य मंत्री मान भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल के प्रति आभार प्रकट करते हुवे, सैनी एज्यूकेशन सोसायटी के प्रधान श्री विजय जी सैनी व सत्यशोधक समाज के युवा अध्यक्ष मंहत श्री सागरनाथ महाराज द्वारा किये गये प्रयासों की प्रशंसा की है।

## संयुक्त माली सैनी मरार समाज की प्रबंन्ध कारिणी को बधाई

शाजापुर (म.प्र.) संयुक्त माली सैनी मरार समाज भोपाल के चुनाव विगत दिनों महात्मा फुले मंदिर, भोपाल मैं निर्विरोध सम्पन्न हुये, जिसमें अध्यक्ष (पूर्व विधायक) श्रीमती पुष्पलता कावरे, संरक्षक (पूर्व अध्यक्ष) डॉ. पी.एन. अम्बाडकर कार्यकारी अध्यक्ष (ऑल इंडिया सैनी सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष), जगदीश सैनी, विधायक रामकिशोर कावरे, उपाध्यक्ष सर्वश्री रामनारायण चौहान, जी. पी. माली, गजानंद भाटी, महासचिव डॉ. प्रेमलता सैनी, सचिव अविनाश फसोट, दत्तुरामजी महाजन, राजेन्द्र कुमार सैनी, श्रीमती मीना मावर, कोषाध्यक्ष अमृतलाल माली, कार्यकारिणी समिति मैं डा. छाया सैनी, हरिसिंह सैनी, राजेन्द्र अम्बाडकर, लीलाकिशन माली के निर्विरोध चुने जाने पर शाजापुर से ऑल इंडिया सैनी सभा जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा (माली) ने बधाई दी है।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची


श्री रामचन्द्र सोलंकी पुत्र श्री गोविन्दराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश गेहलोत पुत्र स्व. श्री बलदेवसिंहजी जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्रीबाबूलाल टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्री बंशीलाल मारोठिया पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल गेहलोत पुत्र श्री दयाराम जोधपुर
श्री सोहनलाल देवड़ा पुत्र श्री हापुराम देवड़ा मथानियां
श्री अमृतलाल परिहार पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार (उपाध्यक्ष नगर पालिका) बालोतरा
श्री रमेश कुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत बालोतरा
श्री लक्ष्मीचन्द सुंदेशा पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा बालोतरा
श्री वासुदेव गहलोत पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत बालोतरा
श्री महेश बी. चौहान पुत्र श्री भगवानदास चौहान बालोतरा
श्री हेमाराम माली पुत्र श्री रूपाराम पंवार बालोतरा
श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री हरिराम पंवार बालोतरा
श्री छगनलाल गहलोत पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत बालोतरा
श्री सोनाराम सुंदेशा पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम सुंदेशा पुत्र श्री पूनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्र कुमार पंवार पुत्र श्री अणदाराम पंवार बालोतरा
श्री शंकरलाल (पार्षद) पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार बालोतरा
श्री घेवरचंद पंवार पुत्र श्री भोमजी पंवार बालोतरा
श्री रामकरण माली पुत्र श्री किसनाराम माली बालोतरा
श्री रतन परिहार पुत्र श्री देवजी परिहार बालोतरा
श्री कैलाश काबली (अध्यक्ष माली समाज) पाली
श्री घीसाराम देवड़ा (मंडल महामंत्री भाजपा) भोपालगढ़
श्री शेषाराम श्यामलाल टाक पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल माली (सरपंच महिलावास) सिवाणा
श्री रमेश कुमार सांखला सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाह, लवेरा बावड़ी
संत हजारीलाल गहलोत जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार डीसा
श्री हितेश भाई मोहन भाई पंवार डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी डीसा
श्री मगनलाल गीगा जी पंवार डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा डीसा
श्री नवीनचन्द दलाजी गहलोत डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाह डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा डीसा


श्री सुखदेव वक्ता जी गहलोत डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी डीसा
श्री किशोर कुमा सांखला डीसा
श्री बाबुलाल गीगाजी टाक डीसा
श्री देवचन्द रगाजी कच्छवाह डीसा
श्री सतीश कुमार लक्ष्मीचन्द सांखला डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाह डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाह डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी डीसा
श्री अशोक कुमार पुनमाजी सुंदेशा डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार सोढ़ो की ढाणी
श्री सम्पतसिंह पुत्र श्री बींजारामजी गहलोत जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत जोधपुर
श्री जितेन्द्र पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छवाह जोधपुर
श्री सीताराम सैनी पुत्र श्री सुरजमल सैनी सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी सर्वोदय सोसायटी जोधपुर
श्री जयनारायण गहलोत चौपासनी चारणान मथानियां
श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी गेंवा जोधपुर
श्री रामेश्वरलाल (सुशील कुमार) गहलोत जोधपुर
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी चौखा
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कम्पनी भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भगवती खाद बीज भण्डार भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार राजस्थान फार्मेसिया जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेंट सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी सोजतरोड़
श्री राम अकेला पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा देवड़ा मोटर्स जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला सांखला सिमेंट जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र स्व. श्री बींजाराम गहलोत जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी भीनमाल
श्री सांवरराम परमार भीनमाल
श्री भारताराम परमार भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल


श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार भीनमाल
श्री डी.डी.भाटी पुत्र श्री भंवरलाल भाटी जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार सूरसागर जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत गहलोत सूरसागर जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी आदमपुरा
श्री अशोक सांखला पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला जोधपुर
श्री नटवरलाल माली जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत जोधपुर
श्री अमित पंवार जोधपुर
श्री राकेश कुमार सांखला जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार बालोतरा
श्री अरविन्द सोलंकी जोधपुर
श्री सुनिल गहलोत जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार जोधपुर
श्री मनीष गहलोत जोधपुर
श्री योगेश भाटी अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा बिलाड़ा
श्री प्रकाशचन्द सांखला ब्यावर
श्री झुमरलाल गहलोत जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी जोधपुर
श्री महावीरसिंह भाटी जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा जोधपुर
श्री अशोक टाक जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत सालावास जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा मध्यप्रदेश


# माली सैनी संदेश


## ही क्यों ?



























### क्योंकि

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

### क्योंकि

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur

Cell : 94144 75464, 92140 75464

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com

e-mail : editor@malisaini.org

## क्योंकि सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता . . .

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# जोधपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की झलकियां



















Postal Regd. No. Jodhpur/221/2009-2011
NO. RAJHIN12897/20/1/2004-TC

# हार्दिक बधाई



65 वां जन्मोत्सव

हार्दिक बधाई

महाराष्ट्र सरकार में
सार्वजनिक निर्माण विभाग
एवं पर्यटन मंत्री

## माननीय श्री छगन भुजबल

को 65वें जन्म दिवस पर
हार्दिक बधाई

शुभेच्छु :

सम्पादक मण्डल

## माली सैनी सन्देश

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं सम्पादक मनीष गहलोत के लिए मुद्रक
मोहम्मद मुस्लिम द्वारा हिन्दुस्तान प्रिण्टिंग हाउस इन साईड ईदगाह कम्पाउण्ड
जालोरी गेट, जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय,
31, गणपति मार्केट नई सड़क, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 09414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com
पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org